Suṣeṇavaidyaka : āyurveda; sarva padārtha guṇadoṣa kathana / VerīnivāsipaṇḍitaRavidatta-vaidyajīviracita-Bhāṣāṭīkāsameta.

Contributors

Suṣena.
Ravidatta.

Publication/Creation

Mumbaī : Khemarāja Śrīkṛṣṇadāsa, 1895.

Persistent URL

https://wellcomecollection.org/works/fej7jgbd

License and attribution

This work has been identified as being free of known restrictions under copyright law, including all related and neighbouring rights and is being made available under the Creative Commons, Public Domain Mark.

You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, without asking permission.

Wellcome Collection
183 Euston Road
London NW1 2BE UK
T +44 (0)20 7611 8722
E library@wellcomecollection.org
https://wellcomecollection.org

सुषेणवैद्यक

भाषाटीकासमेत.

P.B.
SANSK.
225

P. B. SANSKRIT 225

सब प्रकारकी
संस्कृत तथा भाषा किताबें मिलनेका पता--
मोतीलाल मालक
• पंजाब संस्कृत पुस्तकालय •
सैद मिट्ठा बाजार लाहौर

P.Z. Sanok 225

WELLCOME INSTITUTE LIBRARY

335254

श्रीः ।

आयुर्वेद

सुषेणवैद्यक ।

सर्व पदार्थ गुणदोष कथन

वेरीनिवासिपण्डितरविदत्त-

वैद्यजीविरचित-

भाषाटीकासमेत ।

यह ग्रंथ

खेमराज श्रीकृष्णदासनें

स्वकीय "श्रीवेङ्कटेश्वर" मुद्रणालयमें

छापकै प्रसिद्ध किया ।

मुंबई.

शके १८१७ सं० १९५२ वि०

इस पुस्तकका रजिस्टरी हक यन्त्राधिकारीनें स्वाधीन रक्खा है.

प्रस्तावना.

यह सुषेणवैद्यकृत आयुर्वेदमहोदधि आजदिनतक कितनेक लोगोंको विदित था, परंतु प्रसिद्ध नहीं था. कहते हैं कि, ये वेही सुषेणवैद्यजी हैं, जोकि, रामरावणके युद्धमें शक्तीसे पडेहुए लक्ष्मणजीको जिन्होंनें उठायाथा. अस्तु. इस ग्रंथमें पदार्थोंके गुणदोषोंका बहुत अच्छा वर्णन कियाहै. इसका लाभ सर्वविद्वान् अविद्वान् साधारण वैद्यलोगोंको होना चाहिये, इसवास्ते हमनें वेरीनिवासी पंडित रविदत्तजीसे सरल सुबोध भाषाटीका बनवायकर अपने "श्रीवेङ्कटेश्वर" छापाखानामें छापकै प्रसिद्ध कियाहै. यह ग्रंथ सर्ववैद्य लोगोंको और सर्व सद्गृहस्थोंको आरोग्योपचारकेलिये अवश्य संग्रह करनेंयोग्य है हमारे सिवाय और किसीको छापनेको अधिकार नहीं है।

सकलजनप्रेमाभिलाषी—

खेमराज श्रीकृष्णदास,

"श्रीवेङ्कटेश्वर" छापाखाना—मुंबई.

सुषेणवैद्यकानुक्रमणिका.

विषयाः	पृष्ठम्
मंगलाचरणम्	१
विशेषकालविचारः	१
हरीतकीगुणाः	१
हरीतक्याः कालविशेषेणानुपान विशेषः	३
वारिवर्गस्तत्रगंगादिमहानदीनामुदकगुणाः	३
आकाशजलगुणाः	४
क्षुद्रनद्युदकगुणाः	५
सामुद्रगुणाः	५
दिव्याद्यष्टविधजलगुणाः	५
उदकपानविधिः	१०
रोगविशेषेशीतोष्णजलम्	११
रोगविशेषे उष्णोदकम्	१२
निमित्तविशेषे शीतोदकम्	१४
उदकपानस्य नियमः	१४
जलाधिवासनविधिः	१७
क्षीरवर्गस्तत्रगोक्षीरम्	१९
माहिषादिक्षीरगुणाः	२०
दधिवर्गः	२७
मस्तुवर्गः	३३
तक्रवर्गः	३४
नवनीतवर्गः	३९
घृतवर्गः	४०
तैलवर्गः	४२
मधुवर्गः	४८
इक्षुवर्गः	४९
मद्यवर्गः	५४
कांजिकवर्गः	५८
मूत्रवर्गः	५९
धान्यवर्गस्तत्रशालयः	५९
यावकगुणाः	६२
शिंबिधान्यगुणाः	६२
यवादिगुणाः	६५
पक्कान्नवर्गः	७१
फलवर्गः	७२
शाकवर्गः	९०
शिखरिणीवर्गः	१००
व्यंजनवर्गः	१०४
मांसवर्गः	१०६
व्यायायोद्वर्त्तनगुणाः	११८
अभ्यंगगुणाः	१२२
भोजनविधिः	१२४
भोजननिषेधः	१२७
भोजनेक्रमः	१३०
सशब्दभोजननिषेधः	१३२
हस्तादिप्रक्षालनम्	१३२
अनुपानविधिः	१३४

विषयाः	पृष्ठम्
तांबूलवर्गः	१३४
अनुलेपनवर्गः	१४२
वस्त्रवर्गः	१४२
वस्त्रधारणेनक्षत्राणि	१४३
नववस्त्रधारणेनिमित्तविशेषः	१४३
मुखवासाधिकारः	१४८
धूपाधिकारः	१५१
वाजीकरणाधिकारः	१५२
अथवृष्याणि	१५४
विदार्यादि	१५७
नारसिंहचूर्णम्	१५९
रुचकादिचूर्णम्	१६१

इति सुषेणवैद्यकानुक्रमणिका समाप्ता ।

श्रीः ।

सुषेणवैद्यकं

भाषाटीकासमेतम् ।



श्रीगणेशाय नमः ॥ नत्वा धन्वन्तरिं देवं गणाध्यक्षं दिवौकसाम्॥अन्नपानविधिं वक्ष्ये समस्तमुनिसम्मतम् ॥ १ ॥ तार्तीयेनिपुणावदंतिजलदं तस्मान्निशीथेशरत् पूर्वंशैशिरिकस्ततोहिमऋतुः सूर्योदयादग्रतः ॥ मध्याह्नेचतथावदंतिनिपुणा ग्रैष्मीऋतुः स्यात्ततोवासंतीकथिताऋतुस्तुमुनिभिः पूर्वाह्णमेवंसदा ॥ २ ॥ पीयूषंपिबतोविहङ्गमपतेर्यैर्बिंदवोविच्युतास्तेभ्योऽभूदभयादिवाकरकरश्रेणीवदोषापहा ॥ कालिन्दीवबलप्रहर्षजननी गंगेवशूलि

श्रीगणेशपदद्वन्द्वं नत्वासिद्धिप्रदं परम् ॥
रविदत्तेन वैद्येन भाषाटीका विरच्यते ॥ १ ॥

स्वर्गवासियोंका समूहके मालिक श्रीधन्वंतरिजीको प्रणाम कर संपूर्ण मुनियोंसे सम्मत किया अन्नपान विधिको कहते हैं ॥ १ ॥ दिनके तीसरे पहरमें वर्षा, अर्धरात्रिमें शरत्, सूर्योदयसे पहले शिशिर, और सूर्य्योदयके पीछे हेमंत, मध्याह्नमें ग्रीष्म, और पहर दिन चढे पहले वसंत, ऐसे कुशल वैद्य ऋतुओंको कहते हैं ॥ २ ॥ अमृतको पीते हुये गरुडजीके मुखसे जो बूंद गिरे उन्होंसे सूर्यकी किरणोंकी पंक्तियोंकी तरह दोष हरनेंवाली बलभद्रको आनंद देनेंवाली यमुनाजीकी तरह और

प्रिया वह्नेर्दीप्तिकरीघृताहुतिरिव क्षोणीवनानारसा ॥ ३ ॥ श्रेष्ठाशालाक्यतंत्रे कफपवनहरीदीपनी पाचनीया शूलोदावर्तगुल्मज्वरगदगुदजान्कुष्ठपांडुप्रमेहान् ॥ श्वासातीसारकासाश्मरिजठररुजोनाशयत्याशुराजन्सेयंपायादपायात्सकलसुखकरी सर्वदाचारुपथ्या ॥ ४ ॥ शश्वज्जीवितवृद्धिदास्मृतिकरा निःशेषजाड्यापहा रोगघ्नीचरसायनीहितकरी कृच्छ्रा श्मरीच्छेदिनी ॥ शस्तास्तंभविरेचनाग्निसहने प्रायेणयापाचनी सात्वांपातुहरीतकीक्षितितले हृद्यानवद्यानिशम् ॥ ५ ॥ संहारिणीस्याद्धृदयामयानां संसेवकानांहितकारिणीस्यात् ॥ अनेकयोगैर्ऋषिभिः

महादेवको प्रियरूप गंगाजीकी तरह अग्निको दीपन करनेवाली घीकी आहुतिकी तरह और अनेक प्रकारके रसोंवाली पृथिवीकी तरह हरडै उपजी ॥ ३ ॥ वह शालाक्यतंत्रसंबंधि कार्यमें श्रेष्ठ है कफवातको हरती है दीपन है पाचन है शूल उदावर्त गुल्मज्वर गुदरोग कुष्ठ पांडु प्रमेह श्वास अतीसार खांसी पथरी उदररोग इन्होंको हे राजन् शीघ्र नाशती है दुःखसे रक्षा करती है सब सुखोंको करती है और सब कालमें सुंदर पथ्य है ॥४॥ निरंतर जीवनाको बढाती है स्मृतिको करती है सब प्रकारका जडपनाको नाशती है रोगको हरती है रसायन अर्थात् बुढापा और रोगको नाशती है हित करती है मूत्रकृच्छ्र पथरीको छेदती है स्तंभ विरेचन और अग्निका सहना इन्होंमें श्रेष्ठ है प्रायतासे जो पाचन है ऐसी वह हरडै पृथिवीतलमें मनोहर और सुंदररूप हुई हे राजन् आपकी निरंतर रक्षा करो ॥ ५ ॥ हृदयके रोगोंको सम्यक् प्रकारसे हरनेवाली सेवनेंवालोंको हित करनेंवाली और बहुतसे योगोंकरके मुनियोंने जो

कृतासा शिवाशिवायप्रकरोतुनित्यम् ॥ ६ ॥ ग्रीष्मे तुल्यगुडांचसैंधवयुतां मेघावरुद्धांबरे तुल्यांशर्करयाशरद्यमलया शुंठ्यातुषारागमे ॥ पिप्पल्याशिशिरे वसंतसमये क्षौद्रेणसंयोजितां राजन्प्राप्यहरीतकीमिवगदा नश्यंतुतेशत्रवः ॥ ७ ॥ अव्यायामरतावसंतसमये ग्रीष्मेह्निवायुप्रियाः प्रोक्ताःप्रावृषिपल्वलांभसिनवे कूपोदकद्वेषिणः ॥ कट्वम्लोष्णरताःशरद्दधिभुजो हेमन्तनिद्रालसाः शीतांभःपरिगाहिनस्तुशिशिरे नश्यंतुतेशत्रवः ॥ ८ ॥ सुषेणदेवउवाच ॥ तत्रादौसकलसंजीवनद्रव्यप्रधानवारिगुणाःकथ्यंते ॥ स्वादुपाकरसंशीतं त्रिदोषशमनंतथा ॥ पवित्रमति

करी है वह कल्याणरूप हरडै हे राजन् नित्यप्रति आपका कल्याण करो ॥ ६ ॥ ग्रीष्म अर्थात् ज्येठ आषाढमें बराबर भाग गुड और सेंधानमकसे मिलाकै, और वर्षा अर्थात् श्रावण भादुवामें खांडसे युत कर शरद् अर्थात् आश्विन कार्तिकमें आंवलासे, हेमंत अर्थात् मंगशिर पौषमें सूंठसे, शिशिर अर्थात् माघ फागुनमें पीपलसे, और वसंत अर्थात् चैत्र वैशाखमें शहदसे युत करी ऐसी हरड़ैको प्राप्त हो जैसे रोग नष्ट होते हैं तैसे आपके शत्रु नष्ट हो ॥ ७ ॥ वसंत ऋतुमें नहीं परिश्रम करनेंमें रत, ग्रीष्मऋतुविषे दिनमें गर्म पवनसे प्यार करनेंवाले, वर्षा ऋतुमें छोटी जोहड़ीका नया पानी पीनेवाले और कूवाका पानीसे वैर करनेंवाले, शरद् ऋतुमें चर्चरा और खट्टा गर्म इन्होंको सेवनेंवाले और दही खानेंवाले, हेमंत ऋतुमें नींद और आलस्यवाले, और शिशिर ऋतु विषे शीतल पानीमें गोता मार न्हानेंवाले ऐसे आपके शत्रु नष्ट हो ॥८॥ सुषेणदेव कहते हैं—तहां प्रथम संपूर्णको जिवानेंवाला और द्रव्योंमें प्रधान

पथ्यंच गांगंवारिमनोहरम् ॥ ९ ॥ गांगम् ॥ तस्मात् किंचिद्गुरुतरं स्वादुपित्तापहंपरम् ॥ वातलंवह्निजननं रूक्षंचयमुनाजलम् ॥ १० ॥ यामुनम् ॥ अतिस्वच्छंप्रशस्तंच शीतलंलघुलेखनम् ॥पित्तश्लेष्मप्रशमनं नार्मदंसर्वरोगहृत् ॥ ११ ॥ नार्मदम् ॥ कंडूकुष्ठप्रशमनं वह्निसंदीपनंपरम् ॥ पाचनंवातपित्तघ्नं वारिगोदावरीभवम् ॥ १२ ॥ गौदावर्यम् ॥ रूक्षंच शीतलंवारि वातरक्तप्रकोपनम् ॥ किंचिल्लघुतरंस्वादु कृष्णवेण्यासमुद्भवम् ॥१३॥ कृष्णावेण्युदकम् ॥ कावेरीसलिलंपथ्यमामघ्नंबलवर्णकृत् ॥ आग्नेयमतिशीतंच दद्रुकुष्ठविनाशनम् ॥ १४ ॥ कावेर्युदकम् ॥ त्रिदोषशमनंपथ्यं स्वादुहृद्यंचजीवनम् ॥

ऐसा पानीके गुण कहते हैं-गंगाजल स्वादुपाक और रसवाला है शीतल है त्रिदोषको शांत करता है पवित्र है अत्यंत पथ्य है और मनोहर है गंगाजलके ये गुण हैं॥९॥जमुनाजल गंगाजलसे कछुक भारी है स्वाद है पित्तको बहुत नाशता है वातको करता है अग्नीको जगाता है और रूखा है जमना जलके ये गुण हैं॥१०॥नर्मदाका पानी अत्यंत निर्मल है सुंदर है शीतल है लेखन है पित्त वातको शांत करता है और सब रोगोंको हरता है नर्मदाका जलके ये गुण हैं॥ ११॥ गोदावरीका पानी खाज और कुष्ठको शांत करता है अग्निको बहुत जगाता है पाचन है वात पित्तको नाशता है गोदावरीका जलके ये गुण हैं ॥ १२ ॥ कृष्णा वेणीका पानी रूखा है शीतल है वातरक्तको कोपता है कछुक हलका है स्वाद है कृष्णा जलके ये गुण हैं ॥ १३ ॥ कावेरीका पानी पथ्य है आम कोपको नाशता है बल और वर्णको करता है गर्मप्रकृति वाला है बहुत शीतल है दाद और कुष्ठको नाशता है कावेरीका जलके ये गुण हैं॥१४॥आकाशका पानी

आमक्लमपिपासाघ्नं दिव्यंवारिमनोहरम् ॥ १५ ॥
आकाशजलम्॥पूर्वदेशोद्भवानद्यःसर्वावातकफप्रदाः॥
पश्चिमाःपित्तलाःसर्वाः कफवातविनाशनाः ॥ १६ ॥
इतिसंक्षेपतःप्रोक्ता नद्यःक्षुद्रास्तुसंप्रति ॥ समुद्रमुद-
कंविस्रं सक्षारंसर्वदोषकृत् ॥१७॥ अचक्षुष्यंमदप्लीह
गुल्मोदावर्तनाशनम् ॥ तोयादीनांप्रवक्ष्यामि गुण-
दोषौविशेषतः ॥ १८ ॥ दिव्यांतरिक्षनादेयकौप
चौंडेयसारसम् ॥ ताडागमौद्भिदंशैलं जलमष्टविधं
स्मृतम् ॥ १९ ॥ शरत्पयोदनिर्मुक्तं महावैडूर्यस-
न्निभम् ॥ सर्वदोषापहंस्वादु दिव्यमित्युच्यतेज-
लम् ॥ २० ॥ प्रावृड्जलदनिर्मुक्तमव्यक्तस्वादुल-
क्षणम् ॥ वारिस्फटिकसंकाशमांतरिक्षमितिस्मृतम्२१

त्रिदोषको शांत करता है पथ्य है स्वादु है सुंदर है जीवन है आम ग्लानि तृषा इन्होंको नाशता है और मनोहर है आकाशका जलके ये गुण हैं॥१५॥ पूर्व देशसे उपजी सब नदी वात कफको देती हैं पश्चिमसे उपजी सब नदी पित्तको करती है कफ वातको नाशती हैं ऐसे संक्षेपसे छोटी नदीयावो कही ॥ १६ ॥ समुद्रका पानी कच्ची गंधवाला है खारा है सब दोषोंको करता है ॥ १७ ॥ आंखोंमें हित नहीं है मद प्लीहरोग गुल्म उदावर्त इन्होंको नाशता है पानी आदिके गुणदोषोंको विशेषसे कहते हैं ॥ १८ ॥ दिव्य आंतरिक्ष नादेय कौप चौंडच सारस ताडाग औद्भिद शैल ऐसे जल आठप्रकारका कहाता है॥१९॥ शरद् ऋतुके बादलोसे गिरा सुंदर वैडूर्य-मणि सरिखा सब दोषोको हरनेवाला और स्वादु ऐसा जल दिव्य कहाता है ॥२०॥वर्षाऋतुके बादलोंसे गिरा नहींप्रकटस्वादलक्षणोंवाला और स्फ-टिकपत्थरके समान कांतिवाला ऐसा पानी आंतरिक्ष कहाता है ॥ २१ ॥

नद्यांशैलप्रसूतायां गोमेदकमणिप्रभम् ॥ प्रशस्तभूमिभागस्थं जलंनादेयमुच्यते ॥ २२ ॥ भूम्युत्खातसमुद्भूतं महाशैलसमुद्भवम् ॥ विमलं मधुरास्वादं कौपंजलमुदाहृतम् ॥ २३ ॥ स्वयंदीर्घशिलाश्वभ्रे नीलोत्पलदलप्रभम् ॥ लताविताने संछन्नं चौंडेयमितिसंज्ञितम् ॥२४॥ नद्याःशैलवराद्वापि स्रुतमेकांतसंस्थितम् ॥ कुमुदांभोजसंछन्नं वारिसारसमुच्यते ॥ २५ ॥ प्रशस्तभूमिभागस्थं नैक संवत्सरोषितम् ॥ कषायंमधुरास्वादं ताडागंसलिलं स्मृतम् ॥ २६ ॥ शैलसानुसमुद्भूतं स्पृष्टंवातहिमातपैः ॥ लघुशीतामलस्वादु स्मृतंप्रास्रवणंजलम्२७ एतानिमहिषोष्ट्राश्वगोमृगाजगजादिभिः॥अदूषितानि

पर्वतसे उपजीनदीमें गोमेद ल्हसनियां सरीखी कांतिवाला और सुंदर पृथिवीके भागमें स्थित हुआ ऐसा जल नादेय कहाता है॥२२॥पृथ्वीको खोदनेसे उपजा तथा बडा पर्वतसे उपजा निर्मल मधुर स्वाद ऐसा जल कौप कहाता है॥२३॥ आपही लंबी शिलाके छिद्रमें नीला कमलका पत्ता सरीखी कांति वाला हो लताओंके समूहसे ढकाहुआहो ऐसा जल चौंडय कहाता है॥२४॥ नदीसे अथवा सुंदर पर्वतसे झिरके एकांतमें स्थितहो और कुमोदनी कमलसे ढकाहुआ हो ऐसा जल सारस कहाता है ॥२५॥ सुंदर पृथिवीके भागमें स्थितहो अनेकवर्षसे स्थित हो कषैलाहो मधुरहो स्वाद नहीं ऐसा जल ताडाग कहाता है ॥ २६ ॥ पर्वतकी खोहसे उपजाहो पवन जाडा घाम इन्होंसे स्पृष्ट हुआहो हलका हो शीतल हो निर्मल हो और स्वादुहो ऐसा जल प्रास्रवण कहाता है ॥२७॥ भैंसा घोडा ऊंट गौ मृग बकरा और

पात्रेषु मृन्मयेषुविनिःक्षिपेत् ॥ २८ ॥ सर्वमाकाशजं वारि स्वादतोह्यनुमीयते ॥ पार्थिवंतुरसाविज्ञैर्भूमिभागेषुलक्ष्यते ॥२९॥ रक्तकापोतपीताभं पांडुश्वेतासितेषुच ॥ कट्वम्लतिक्तकक्षारकषायमधुरादिभिः ॥ ३० ॥ नादेयंवातलंरूक्षं दीपनंलघुलेखनम् ॥ ताडागंवातलंस्वादु कषायंकटुपाकिच ॥३१॥ वातश्लेष्महरंवाप्यं सक्षारंकटुपित्तलम् ॥ चौंड्यमग्निकरंरूक्षं मधुरंकफकृत्तथा ॥ ३२ ॥ कफघ्नंदीपनंहृद्यं लघुप्रस्रवणोद्भवम् ॥ सक्षारंपित्तलंकौपं श्लेष्मघ्नं वातजिल्लघु ॥ मधुरंपित्तशमनमविदाह्यौद्भिदंस्मृतम्॥३३॥कैदारंमधुरंप्रोक्तं विपाकेगुरुदोषलम्॥त-

हस्ती आदिकोंनें नहीं दूषितकिये ये जल माटीके पात्रोंमें घाल धरने॥२८॥ आकाशसे उपजा सब प्रकारका पानीका स्वादसे अनुमान किया जाता है पृथिवीसे उपजा पानी तो रस जाननेंवालोंनें पृथिवीके भागोंके अनुसार देखा है ॥२९॥ लाल कबूतरके समान पीली कान्तिवाला पांडुवर्ण सपेद और काला ऐसे रंगोंसे युतहुआ पानी चर्चरा खट्टा कडवा खारा कषैला मधुर इन आदि रसोंसे होते हैं ॥ ३० ॥ नादेय पानी वातको करता है रूखा है दीपन है हलका है लेखन है, ताडाग पानी वातको करता है स्वादु है कषैला है और चर्चरापाकवाला है ॥ ३१॥बावडीका पानी वात कफको हरता है खार सहित है चर्चरा पित्तको करता है, चौंडच पानी बुद्धिको करता है रूखा है मधुर है कफको करता है ॥ ३२ ॥ प्रस्रवण अर्थात् झिरनाका पानी कफको नाशता है दीपन है सुंदर है हलका है कौप संज्ञक पानी खार सहित है पित्तको करता है कफको हरता है वातको जीतता है हलका है, औद्भिद पानी मीठा है पित्तको शांत करता है दाहको नहीं करता है ॥ ३३ ॥ खेतका पानी मीठा है पाकमें भारी

द्वत्पाल्वलमुदिष्टं विशेषाद्दोषलंचतत् ॥ ३४ ॥ सर्व दोषहरंह्रद्यं निरवद्यंचजांगलम् ॥ पाकेविदाहितृष्णाघ्नं श्रमघ्नंप्रीतिवर्द्धनम् ॥३५॥ दीपनंस्वादुशीतंच तोयंसाधारणंलघु ॥ अनूपदेशजंवारि सांद्रंच गुरुपिच्छलम् ॥ मधुरंश्लेष्मजननं स्निग्धंवातादिकोपनम् ॥ ३६ ॥ जांगलानूपसाधारणोदकम् ॥ कौपं प्रास्रवणंवसंतसमये ग्रीष्मेतदेवोचितं कालेवानच वृष्टिजातमथवा चौंड्यंघनानांपुनः ॥ नीहारेसरसीतडागविषयं सर्वंशरत्संगमे सेव्यंसूर्यसितांशुरश्मिपवनव्याधूतदोषंपयः ॥ ३७ ॥ अव्यक्तरसगंधंयच्छस्तं वातातपापहम् ॥ यावन्नवांबुतत्पथ्यमन्यत्रक्वथितं

है दोषको करता है, छोटी जोहडीका पानीमें भी येही गुण हैं विशेषकर दोषोंको करता है ॥ ३४ ॥ जांगलदेशका पानी सब दोषोंको हरता है सुंदर है निंदित नहीं है पाकमें विशेष दाह करता है तृषा और परिश्रमको नाशता है प्रीतिको बढाता है ॥ ३५ ॥ साधारण देशका पानी दीपन है स्वादु है शीतल है हलका है अनूपदेशका पानी कठोर है भारी है और कफको बढानेवाला है मीठा है कफको उपजाता है चिकना है वात आदिको कोपता है जांगल अनूप साधारण देशके पानीकेये गुण हैं॥३६॥कौप और प्रास्रवण पानी वसंत और ग्रीष्मऋतुमें हित है, वर्षा ऋतुमें वर्षासे उपजा पानी हित नहीं है किंतु चौंडय पानी हित है, शीत कालमें सरोवरका और तडागका पानी हित है, शरद् ऋतुमें सूर्य और चंद्रमाके किरनोंसे दूर किये दोषोंवाला सब प्रकारका पानी सेवित करना उचित है ॥ ३७ ॥ नहीं प्रकट रस और गंधवाला पानी वात पित्तको

पिबेत् ॥ घर्मसूर्येन्दुसंसक्तमहोरात्रात्परंत्यजेत् ॥३८॥ तच्चाव्यक्तरसंहिमंलघुतरंघर्मांशुमूर्छापहं तृष्णोष्मातपसांहरंश्रमहरं तंद्रातिनिद्रापहम् ॥ हृद्यं स्वादुविपाकदंस्मृतिकरं दाहौघविच्छेदनं दृष्टंदीर्घबलायुषांधृतिकरं संजीवनंजीविनाम् ॥ ३९ ॥ विण्मूत्रंतृणनीलिकाविषयुतं तप्तंघनाफेनिलं दन्तग्राह्यमनार्त्तवंसलवणं सेवालकैःसंभृतम् ॥ लूताजंतुविमिश्रितंगुरुतरं पर्णौघपंकान्वितञ्चन्द्रार्कांशुसुगोपितंचनपिबेन्नीरंसदादोषलम् ॥ ४० ॥ प्रसन्नंस्वादुहृद्यंचपथ्यंसंतर्प्पणंलघु ॥ एकप्रदेशजंसेव्यंसदापर्युषितंजलम् ॥ ४१ ॥ कासश्वासातिसारज्वरकि-

नाशता है पवित्र पानी पथ्य है अन्य जगह उबाला पानीको पीवै ॥ ३८ ॥ गर्मी सूर्य चंद्रमा इन्होंसे संसक्त हुआ पानी दिनरात्रिसे परे त्यागै वह नहीं प्रकट रसवाला पानी शीतल है बहुत हलका है घाम मूर्च्छा तृषा गर्मी ताप परिश्रम तंद्रा नींद इन्होंको हरता है मनोहर है स्वादु है पाचक है स्मृति करता है दाहके समूहको काढता है हित है बल और आयुवालोंको धैर्य करता है प्राणियोंको जीवन है ॥ ३९ ॥ विष्ठा मूत्र तृण नीलिका विष इन्होंसे युत गर्म हुआ बहुत झागोंवाला भीतर ग्रहण किया विना समय वर्षा हुआ नमक सहित सिवाल मकडी कीडा आदि जंतु इन्होंसे मिला हुआ अत्यंत भारी पत्तोंका समूह और कीचडसे युत हुआ चंद्रमा और सूर्यसे रक्षित किया ऐसा पानीको मनुष्य नहीं पीवै यह सब कालमें दोषको करता है ॥ ४० ॥ एक देशका निर्मल पानी स्वाद है मनोहर है पथ्य है तृप्तिकारक है हलका है यह सब कालमें रात्रिका धरा वासी सेवना योग्य है ॥ ४१ ॥ खांसी श्वास अतिसार ज्वर किटिभ कुष्ठ कोठाका रोग कुष्ठ प्रमेह मूत्रग्रह

टिभकटीकोष्ठकुष्ठप्रमेहान्मूत्रग्राहोमदार्शःश्वयथुकृ-
मिवमीकर्णनाशाक्षिरोगान् ॥ येचान्येवातपित्त
क्षयकफजकृताव्याधयःसंतिजंतोस्तांस्तानभ्यासयो
गादपहरतिपयःपीतमंतेनिशायाः ॥ ४२ ॥ अंभ-
सांचुलकानष्टौपिबेदनुदिनंनरः ॥ नवनागबलंदद्या-
ज्जीवेद्वर्षशतंसुखी ॥ ४३ ॥ विगतघननिशीथेप्रात
रुत्थायनित्यंपिबतिखलुनरोयोघ्राणरंध्रेणवारि ॥ स-
भवतिमतिपूर्णश्चक्षुषातार्क्ष्यतुल्योवलिपलितविही-
नःसर्वरोगैर्विमुक्तः ॥ ४४ ॥ शीतांबुपूरितमुखःप्रति
वासरंयःकालत्रयेपिनयनद्वितयंजलेन ॥ आसिंचति
ध्रुवमसौनकदाचिदक्षिरोगव्यथाविधुरतांभजतेमनु-
ष्यः ॥ ४५ ॥ नादेयंनवमृद्घटप्राणिहितंसंतप्तमर्की-

मदरोग ववाशीर शोजा कृमिरोग छर्दि कानरोग नाकरोग आंखरोग और जो वात पित्त कफसे उपजे रोग मनुष्यके हों इन सबोंको रात्रिके अंतमें पीयाहुआ पानी नाशता है ॥ ४२ ॥ नित्यप्रति मनुष्य आठ चलू पानीको पीवै वह पानी नव हस्तियोंका बल देता है वह मनुष्य१०० वर्ष पर्यंत सुखी हुआ जीवता है ॥ ४३ ॥ जब अर्धरात्रिके समय बादल मेघ नहीं हो तब प्रभातमें उठ जो मनुष्य नाकके छिद्रसे पानी पीता है वह बहुत बुद्धिमान् नेत्रोंसे गरुडजीके समान शरीरमें बलि और सुपेद वालोंसे रहित तथा सब रोगोंसे मुक्त हुआ रहता है ॥ ४४ ॥ जो मनुष्य नित्य प्रति तीनों काल अर्थात् प्रभात मध्याह्न सायंकाल शीतल पानीसे मुखको पूरित रखकै और दोनों नेत्रोंको शीतल पानीसे सींचता है वह निश्चय कभी भी नेत्र रोगको नहीं प्राप्त होता है ॥ ४५ ॥ नवीन माटीका कल-शामें घाल धरा सूर्यके किरणोंसे तपायाहुआ रात्रिमें चंद्रमाके किरनोंसे

शुभीरात्रौसंप्रतिपूर्यामिंदुकिरणैर्मंदानिलांदोलितम्॥
शीतंभिन्नमणिप्रभं लघुतयानास्तीतिशंकापहंपाट-
ल्योत्पलकेतकीसुरभितंसंसेवयेद्वारितत् ॥ ४६ ॥
रेरेरुद्रजटाटवीपरिमलव्यालोलभस्माविलंप्रोन्मज्ज-
त्सुरसुंदरीकुचतटेस्फारोच्छलच्छीकरम्॥धाराधौत-
करालितांबरतलंनिःशेषपापापहंगांगंतुंगतरंगभंगग-
हनंपानीयमानीयताम् ॥ ४७ ॥ स्वच्छंसज्जनचित्त
वल्लघुतरंदीनार्त्तवच्छीतलं पुत्रालिंगनवत्तथैवमधु
रंबालस्यसंजल्पवत् ॥ एलोशीरलवंगचंदनलसत्क-
र्पूरजातीफलंपाटल्योत्पलकेतकीसुरभितं पानीयमा-
नीयताम् ॥ ४८ ॥ पथ्यंदीपनपाचनंलघुतरंस्वास-
कासापहंसिध्माध्माननवज्वरामशमनंश्लेष्मापहंवात-

पूरित किया मंद पवनसे आंदोलित किया ऐसा नादेय पानी शीतल और भिन्न मणिके समान कांतिवाला हो इसके समान अन्य पानी हलका नहीं है पाटला कमल केतकी इन्होंके फूलोंसे सुगंधित किया वह पानी सेवना ॥ ४६ ॥ रे रे सेवक महादेवकी जटारूप वनमें जो चंचलरूप भस्म उस्से मैलाहुआ न्हाती हुई देवतोंकी स्त्रियोंके कुचतटोंपै स्वच्छ और प्रकाशित जलके किनकोंवाला धारासे धोये और करालित किये वस्त्र और शरीरवाला सब प्रकारके पापोंको नाशनेंवाला और ऊंचे तरंगोंसे वनको भंग करनेंवाला ऐसा गंगाजल लावो॥४७॥सज्जन मनुष्यका चित्तकी तरह निर्मल दीन मनुष्यके विलापकी तरह अत्यंत हलका पुत्रको गोद लेनेंकी तरह शीतल बालकका बोलनाकी तरह मधुर और इलायची खस लौंग चंदन कपूर जायफल पाटला कमल केतकी इन्होंसे सुगंधित किया ऐसा पानी लावो ॥ ४८ ॥ यह पानी पथ्य है दीपन है पाचन है बहुत हलका है श्वास खांसी हुचकी अफरा नवीन ज्वर आम इन्होंको शांत करता है

जित्॥संशुद्धौवरबस्तिशुद्धिकरणंहृत्पार्श्वशूलापहंगु
ल्मारोचकपीनसेनिगदितंशीतोष्णमेतज्जलम्॥४९॥
पित्तोत्तरेपित्तरोगेपित्तासृक्कफपित्तयोः ॥ मूर्छाछर्दि-
ज्वरेदाहेतृष्णातीसारपीडिते ॥५०॥ धातुक्षीणेविषा-
र्त्तैचसन्निपातेविशेषतः॥ शस्त्रंविरोधिरोगेचशृतशीतं
जलंसदा ॥ ५१ ॥ शस्त्रामृतंविषंवज्रंचत्वारोवारिणो
गुणाः ॥ भुक्तांतरेचप्रत्यूषेअभुक्तेभोजनैःसह ॥५२॥
यन्मूलाव्याधयःसर्वेसंभवंतिभयावहाः ॥ तदेवभेषजं
तेषांसिद्धिज्ञैःसंस्कृतंजलम् ॥ ५३ ॥ निहंतिश्लेष्मसं-
घातंमारुतंचापकर्षति ॥ अजीर्णंजरयत्याशुपीतमु-
ष्णोदकंनिशि ॥ ५४ ॥ वर्षासुनजलंग्राह्यंनादेयंबहु

कफको नाशता है वातको जीतता है शोधनमें अच्छी तरह बस्तिस्था-
नको शुद्ध करताहै हृच्छूल और पसली शूलको नाशता है गुल्म अरो-
चक पीनस इन्होंमें गर्म करकै शीतल किया देना कहाहै ॥ ४९ ॥
पित्तकी अधिकतावाला रोग पित्तरोग पित्तरक्त कफपित्त मूर्छा छर्दि ज्वर
दाह तृषा अतीसार इन्होंसे पीडित ॥ ५० ॥ धातु क्षीणवाला विषसे
पीडित इन्होंमें और विशेषकर सन्निपातमें और विरोधवाला रोगमें
गर्म कर शीतल किया पानी सब कालमें देना ॥ ५१ ॥ शस्त्र अमृत
विष और वज्र इस प्रकार ये ४ गुण पानीके हैं, भोजनके बीच बीचमें
शस्त्ररूप है प्रभातमें अमृतरूप है भोजनसे पहले विषरूप है और
भोजनके साथ वज्ररूप है ॥ ५२ ॥ सब प्रकारके भयंकर रोगोंका
मूल पानी है सिद्धिको जाननेवालोंनें संस्कारको प्राप्त किया वही पानी
रोगियोंको औषधरूप है ॥ ५३ ॥ रात्रिमें पीया गर्मपानी कफके समू-
हको नाशता है और वातको दूर करता है अजीर्णको शीघ्र जराताहै॥५४॥
वर्षा ऋतुमें बहुत दोषकारक नादेय पानी नहीं लेना पकाकै शीतल

दोषकृत् ॥ शृतशीतंत्रिदोषघ्नंव्युषितंतच्चदोषकृत् ॥ ॥ ५५ ॥ तत्पादहीनंवातघ्नमर्द्धहीनंचपित्तजित् ॥ कफेपादावशेषंतुपानीयंलघुदीपनम् ॥ ५६ ॥ दिवाशृतंतुयत्तोयंरात्रौतद्गुरुतांव्रजेत्॥ रात्रौशृतंतुदिवसेगुरुत्वमधिगच्छति ॥ ५७ ॥ पार्श्वशूलेप्रतिश्यायेवातरोगेगलग्रहे ॥आध्मानेस्तिमितेकोष्ठेसदाशुद्धौ नवज्वरे ॥ ५८ ॥ हिक्कायांस्नेहपीतेचशीतांबुपरिवर्जयेत् ॥५९॥ गुल्मार्शोग्रहणीक्षयस्यजठरेमंदानलाध्मानकेशोफेपांडुगलग्रहेव्रणगदेमोहेचनेत्रामये॥ वातारुच्यतिसारकेकफयुतेकुष्ठेप्रतिश्यायकेउष्णंवारि सुशीतलंशृतहिमंस्वल्पंप्रपेयंजलम् ॥ ६० ॥ तप्तायःपिंडसंयुक्तंलोष्टनिर्वापितंजलम् ॥ सर्वरोगहरंपथ्यंस

किया पानी त्रिदोषको नाशता है रात्रिका धरा वासी पानी दोषको करता है ॥ ५५ ॥ चौथाई भाग जलाया पानी वातको नाशता है आधा भाग जलाया पानी पित्तको जीतता है कफमें जलानेविषै चौथाई भाग शेष रहा पानी हलका है और दीपन है ॥ ५६ ॥ दिनमें पकाया पानी रात्रिमें भारीपनाको प्राप्त होता है रात्रिमें पकाया पानी दिनमें भारीपनाको प्राप्त होता है ॥ ५७ ॥ पशलीशूल प्रतिश्याय वातरोग गलग्रह अफरा स्तिमितकोष्ठ वमन जुलाब आदि शुद्धि नवीनज्वर ॥ ५८ ॥ हुचकी इन रोगोंमें और स्नेहको पीनेंवालेको शीतल पानी नहीं देना ॥ ५९ ॥ गुल्म ववाशीर ग्रहणीरोग क्षयरोग मंदाग्नि अफरा शोजा पांडुरोग गलग्रह व्रणरोग मोह नेत्ररोग वातरोग अरुचि अतिसार कफरोग कुष्ठ प्रतिश्याय इन्होंमें गर्मकर शीतल किया पानी अल्प पीना योग्य है ॥ ६० ॥ तपायाहुआ लोहाका गोलासे संयुक्त किया तथा माटीका

दानैरुज्यकारकम् ॥ ६१ ॥ निरामोभोजनादर्वा-
क्पिबेद्वारिसुशीतलम्॥अजीर्णेतुपिबेद्वारिशीतलंस्वे-
च्छयापुनः ॥६२॥ क्वचिदुष्णंक्वचिच्छीतंक्वचित्क्व-
थितशीतलम् ॥ क्वचिद्भेषजसंयुक्तंनक्वचिद्वारिवार्यते
॥ ६३ ॥ तृषितोमोहमायातिमोहात्प्राणान्विमुंच-
ति॥तस्मात्स्वल्पंचदातव्यंनक्वचिद्वारिवार्यते॥६४॥
पानीयंप्राणिनांप्राणाविश्वमेवहितन्मयम् ॥ अतोऽ
त्यंतनिषेधेपिनक्वचिद्वारिवार्यते ॥ ६५ ॥ मूर्च्छा-
पित्तोष्णदाहेषुविषेरक्तेमदात्यये ॥ भ्रमक्लमपरीते
षुतमकेवारिशीतलम् ॥ ६६ ॥ पिबेद्घटसहस्राणि
यावन्नास्तमितोरविः ॥ अस्तंगतेदिवानाथेबिंदुरेको

गोलाको अग्निमें तपा उसको पानीमें बुझावै यह पानी सब रोगोंको हरता है पथ्य है सब कालमें आरोग्य रखता है ॥ ६१ ॥ आमसे रहित हुआ मनुष्य भोजनसे पहले सुंदर शीतल पानीको पीवै अजीर्णमें शीतल पानीको वारंवार अपनी इच्छाके अनुसार पीवै ॥ ६२ ॥ कहींक गर्म कहींक शीतल कहींक उवालकर शीतल कियां और कहींक औषधसे युत किया इस प्रकार पानी पीना. कहीं भी पानी नहीं वर्जित करना ॥ ६३ ॥ तृषा वाला मोहको प्राप्त होता है और मोहसे प्राणोंको छोडता है तिस कारणसे स्वल्पपानी देना योग्य है कहीं भी पानी नहीं वर्जित करना ॥ ६४ ॥ प्राणियोंके प्राण पानी है यह संसार पानीसे बना है इसलिये अत्यंत निषेधमें भी कहीं पानी नहीं वर्जित करना ॥ ६५ ॥ मूर्छा पित्तरोग गर्मी दाह विष रक्तरोग मदात्यय भ्रम ग्लानि तमक श्वास इन्होंमें शीतल पानी पीना ॥ ६६ ॥ दिनमें चाहे हजार घडे पानी पीवै कछु चिं

घटायते ॥ ६७ ॥ अजीर्णेचौषधंवारिजीर्णेवारिबल
प्रदम्॥भोजनेचामृतंवारिरात्रौवारिविषप्रदम् ॥६८॥
अत्यंबुपानान्नविपच्यतेऽन्ननिरंबुपानाच्चसएवदोषः ॥
तस्मान्नरोवह्निविवर्द्धनार्थमुहुर्मुहुर्वारिपिबेदभूरि६९॥
क्षुधासंशुष्कहृत्कंठःप्रथमंकवलान्बहून् ॥ नभुंक्ते
प्रपिबेदंबुशीतलंमात्रयायुतम् ॥ ७० ॥ तेनहृत्कंठ
शुद्धिःस्यात्सुखेनान्नंपतत्यधः॥ स्निग्धमुष्णंचयद्भुक्तं
ततःसंतर्पणंत्यजेत् ॥ ७१ ॥ आदौद्रावंसमश्नीया-
त्तत्रांबुनपिबेद्बहु॥मध्येतुकठिनंभुंक्तेयथेष्टंशस्यतेज-
लम् ॥७२॥ तथैवभोजनस्यांतेपीतमंबुबलप्रदम् ॥
द्रव्यप्रधानेभुक्तांतेकिंतुतन्मात्रयापिबेत् ॥ ७३ ॥
आदौजलंवह्निविनाशकारिपश्चात्तदंतेकफबृहणंच ॥

ता नहीं परंतु रात्रिमें एक बूंद पानी भी घडाके समान माना है ॥६७॥ अजीर्णमें पानी औषध है जीर्ण हुआ भोजनमें पानी बलको देता है भोजनमें पानी अमृत है रात्रिमें पानी विषको देनेवाला है ॥ ६८ ॥ अत्यंत पानी पीनेसे और नहीं पानी पीनेसे अन्न नहीं पकता तिस कारणसे मनुष्य अग्रीको बढानेंके लिये वारंवार अल्प पानीको पीवै ॥ ६९ ॥ भूखसे सूखा हुआ हृदय और कंठवाला मनुष्य प्रथम बहुतसे ग्रासोंको खाकै शीतल और मात्रासे युत पानीको पीवै ॥ ७० ॥ उस करकै हृदय और कंठकी शुद्धि होती है और सुखसे अन्न नीचेको गिरता है चिकना और गर्म भोजन कर पीछे तृप्ति कारक पदार्थको त्यागै ॥७१॥ आदिमें पतला पदार्थको खावै तहां बहुत पानीको नहीं पीवै मध्यमें कठिन पदार्थको खाकै पीछे मनोवांछित पानी पीना श्रेष्ठ है ॥ ७२ ॥ तैसेही भोजनके अंतमें पीया पानी बलको देता है द्रव्य प्रधानको भोजनकर अंतमें मात्रासे पानी पीवै ॥ ७३ ॥ भोजनकी आदिमें पीया पानी अग्रीको नाशता है भो-

मध्येतुपीतंसमतासुखंचतस्याभियोगोऽभिमतःसकृ-
च्च ॥ ७४ ॥ अमृतंविषमितिसलिलंवेदेनिगदंति
विदिततत्वार्थाः ॥ युक्त्यासेवितममृतंविषमेतदयु-
क्तितःपीतम् ॥ ७५ ॥ पूरयेद्भागयुगलंकुक्षौचान्नेन
सुस्थितः ॥ जलेनैकंचतुर्थंचवायुसंचरणायवै ७६॥
ग्रासेग्रासेतुपातव्यंशीतलंवारिसर्वदा ॥ बहुवारियुतं
चान्नमग्निंपचतिसत्वरम् ॥ ७७ ॥ तस्मादादावति
स्वल्पंमध्येचतृप्तिदायकम् ॥ मात्रायांचपिबेदंते
नरोगैर्बाध्यतेनरः ॥ ७८ ॥ वासितंनूतनैःपुष्पैः
पाटलीचंपकादिभिः ॥ पथ्यंसुगंधिहृद्यंचशीतलां-
बुसदापिबेत् ॥ ७९ ॥ सुगंधिपाटलीपुष्पचं

जनके पीछे और अंतमें पीया पानी कफ और पुष्टिको करता है भोजनके मध्यमें पीया पानी अग्निकी समानपनाके सुखको देता है वह पानी मध्यमें एकही वार पीना ॥ ७४ ॥ आयुर्वेदमें कुशल वैद्य पानीको अमृत और विष ऐसे २ प्रकारसे मानते हैं युक्तिसे सेवित किया अमृत है और युक्तिके विना सेवित किया विष है ॥ ७५ ॥ सुंदर स्थित हुआ मनुष्य कुक्षिमें २ भागोंको अन्नसे पूरित करै तीसरा भागको पानीसे पूरित करै और चौथा भागको वायुका संचारके लिये शेष रक्खै ॥ ७६ ॥ सब कालमें शीतल पानी ग्रास ग्रासमें पीना योग्य है बहुत पानीसे युत हुआ अन्नको अग्नि शीघ्र पकाता है ॥ ७७ ॥ तिस कारणसे आदिमें अत्यंत अल्प और मध्यमें तृप्तिकारक और अंतमें १ मात्रासे पानी पीवै तो मनुष्य रोगोंसे पीडित नहीं होता ॥ ७८ ॥ पाटला और चंपा अर्थात् चमेलीआदिके नये फूलोंसे वासित किया पानी पथ्य है सुगंधित है मनोहर है ऐसे शीतल पानीको सदा पीवै ॥ ७९ ॥ सुंदर गंधवाले पाटला और चमेलीके फूलोंसे अधिवासित और कपूरसे सुगं-

पकैरधिवासितम् ॥ कर्पूरेणचयत्तोयंतत्पथ्यं सर्वदानृ
णाम् ।८०। ग्रीष्मेशरदिपातव्यंस्वेच्छया सलिलंनरैः ॥
अन्यदा स्वल्पमेवैतद्वातश्लेष्मभयात्पिबेत् ॥ ८१ ॥
अन्नेनापिविनाजंतुः प्राणान्संधारयेच्चिरम् ॥ तोया
भावे पिपासातः क्षणात्प्राणैर्विमुच्यते ॥ ८२ ॥
आदिमध्यावसानेच भोजनेपयसायुते ॥ काश्र्यंसा-
त्म्यं तथा स्थौल्यंभवंति क्रमशो गुणाः ॥ ८३ ॥
पानीयंपानीयंशरदिवसंते च पानीयम् ॥ नादेयं नादेयं
शरदिवसंते च नादेयम् ॥८४॥ ॥ इत्यायुर्वेदमहो-
दधौश्रीसुषेणकृतेपानीयगुणाः समाप्ताः ॥ ॥ १ ॥
उसीरमांसीसकचूरएलालवंगकंकोलसवारिकुष्ठम् ॥
हरीतकी शीतशिवाच भागंजलाधिवासः पृथिवीश्व-

धित किया ऐसा पानी मनुष्योंको सब कालमें पथ्य है ॥ ८० ॥ ग्रीष्म और शरद ऋतुमें मनुष्योंने अपनी इच्छाके अनुसार पानी पीना अन्य ऋतुओंमें वात कफके भयसे अल्प पानी पीना ॥ ८१ ॥ अन्नके विना मनुष्य बहुत काल पर्य्यंत प्राणोंको धार सक्ता है परंतु पानी नहीं मिलनेंसे तत्काल मरजाता है ॥ ८२ ॥ भोजनकी आदि मध्य और अंतमें पानी पीवै तो क्रमसे कृशपना समपना और स्थूलपना ये गुण होते हैं ॥ ८३ ॥ शरद् ऋतुमें और वसंत ऋतुमें पूर्वोक्त कहा नादेय संज्ञक पानी पीना उचित है ॥ ८४ ॥ इस प्रकार श्रीयुत सुषेणका किया आयुर्वेद महोदधिमें पानीके गुण समाप्त हुये ॥१॥ खस जटामांसी कचूर इलायची लौंग कंकोल नेत्रवाला कूठ हरडै कपूर आंवला

राणाम् ॥ ८५ ॥ मांसीचंदनवालकद्वययुतं-
भागद्वयंस्यात्ततो धात्री जातिपतीलवंगसहितं भा-
गार्द्धजातीफलम् ॥ कंकोलं च तमालपत्रत्रुटिभि-
र्मुस्तासकर्पूरकैरेतैर्बालचतुष्ककुष्ठसहितंभागंतुसा-
र्द्धंभवेत् ॥ ८६ ॥ उशीरधात्रीन्द्रविडंगकुष्ठैः सचं-
दनैश्चोरकजातिपुष्पैः ॥ वरांगमुस्तैः सहपाटलैश्चक-
र्पूरजातीति जलाधिवासः ॥ ८७ ॥ परिपेलव-
चातुल्यारागगुग्गुलमुस्तकैः ॥ चूर्णितासवयोपेता
वारिभोजनधूपनम् ॥ ८८ ॥ कुष्ठमुस्तकसं-
युक्तैः पेलयोशीरचंदनैः ॥ मृदितामृत्सु पिष्टै-
स्तैः खदिरांगारपाचितैः ॥ ८९ ॥ सहकाररसा
भ्यक्तैश्चंपकोत्पलपाटलैः ॥ पद्मकुष्ठककुंदैश्चपथ्यं

इन्होंका समान भाग देवै राजा लोगोंको यह जलाधिवास उत्तम है ॥ ८५ ॥ जटामांसी चंदन दोनों प्रकारका नेत्रवाला ये सब एक २भाग और आंवला जावित्री लौंग ये दो २ भाग जायफल आधा भाग कंकोल तेजपत्ता छोटीइलायची नागरमोथा कपूर कूठ ये सब आधा २ भाग यहभी राजा लोगोंको उत्तम जलाधिवास है ॥ ८६ ॥ खस आंवला इंद्रजव वायविडंग कूठ चंदन गठौना चमेलीके फूल दालचीनी नागरमोथा पाटला कपूर जावित्री इन्होंका जलाधिवास राजा लोगोंको उत्तम है ॥८७॥परिपेला और वच बराबर भाग और गूगल नागरमोथा ये सब चूर्ण आसव पानी भोजन धूप इन्होंमें लेने॥८८॥कूठ नागरमोथा परिपेला खस चंदन इन्होंके चूर्णको माटीमें मिला गोला बना खैरके कोइलोंकी अग्रीसे पका ॥ ८९ ॥ पीया बांसाके रससे युत किये चमेली कमल पाटला पद्माक कूठ कुंद हरडै इन्होंसे युतकिया अधिवासित राजा

कालाधिवासितम् ॥९०॥ श्रेष्ठः सलिलवासोयंस्मृतः सर्वर्तुको बुधैः ॥ लवंगोशीरकंकोलकांतानलदचंदनैः ॥ ९१ ॥ सलिलामयकंकोलपथ्याकर्पूरसंयुतैः ॥ विचूर्णितैः समैरेभिः सुशीतामलवारिणा अधिवासनमिच्छंति श्रेष्ठं सर्वर्तुकंबुधाः ॥ ९२ ॥ इत्यायुर्वेदमहोदधौश्रीसुषेणकृते जलाधिवासस्य विधिः ॥ २ ॥ इदानींक्षीरगुणाः कथ्यंते ॥ तत्रापि गव्यमाहिषयोरेवसदोपयोगित्वात्तयोरेवविचार्यते स्वरूपम् ॥ गव्यंहितंमेध्यतमंहि दुग्धं प्राणप्रदंपित्तसमीरणघ्नम् ॥ रसायनं वर्णकरं सुकेश्यमारोग्यहेतुः सततं नराणाम् ॥ १ ॥ क्षीरंसाक्षाज्जीवनं जन्मसात्म्यात्तद्धारोष्णं गव्यमायुष्यबल्यम् ॥

लोगोंको उत्तम है ॥ ९० ॥ यह सब ऋतुओंके योग्य जलाधिवास पंडितोंनें कहा है लौंग खस कंकोल मालकांगनी वालछड चंदन ॥९१॥ नेत्रवाला कूट कंकोल हरडै कपूर इन्होंके चूर्णोंको सुंदर शीतल आंवलाके पानीसे मिलावै यह सर्वर्तुक अधिवासन वैद्योंने माना है ॥ ९२ ॥ यहां श्रीसुषेण वैद्यका किया आयुर्वेद महोदधिमें जलाधिवास विधि समाप्त हुई ॥ २ ॥ अब दूधके गुण कहते हैं—तहांभी गौका और भैंसका दूध सब कालमें उपयोगी होनेंसे उन दोनोंका स्वरूप विचारा जाता है—गौका दूध अत्यंत बुद्धिको देता है प्राणोंको देता है पित्तवातको नाशता है रसायन है वर्णको करता है वालोंमें हित है मनुष्योंको निरंतर आरोग्यका कारण है ॥ १ ॥ जन्मसेही प्रकृतिके योग्य होनेसे दूध साक्षात् जीवन है धारसेही गर्मरूप दूध आयु और बलमें हित है

प्रातः सायंग्राम्यधर्मावसानेभुंक्ते पश्चादात्मसात्म्यंकरोति ॥ २ ॥ शीतलंमधुरंस्निग्धंवातपित्तहरंपरम् ॥ वृष्यमोजस्करंह्रद्यं श्लेष्मघ्नं चरसायनम् ॥ ३ ॥ पाके स्वादुरसेमेध्यंक्षयक्षीणे बलप्रदम् ॥ श्वासकासप्रशमनंश्रमभ्रममदापहम् ॥ ४ ॥ जीर्णज्वरेमूत्रकृच्छ्रेरक्तपित्तेच शस्यते ॥ गवांपयः पवित्रं चबल्यं पुष्टिप्रकारकम् ॥ ५ ॥ श्रेष्ठं चक्षुष्यमायुष्यं कांतिलावण्यकारकम् ॥ ६॥ इति गोक्षीरम् ॥ माहिषं बलवर्णौजोनिद्राशुक्रबलप्रदम् ॥ तीक्ष्णाग्निशमनंस्वादुरसेपाकेचपुष्टिदम् ॥ १ ॥ व्यायामश्रांतदेहस्यश्रमघ्नमनिलापहम् ॥ निष्कामस्यातिवृद्ध

प्रभात सायंकाल और स्त्री संगके अंतमें जो दूधको पीता है उसको अपनी प्रकृतिके योग्य करता है ॥ २ ॥ गौका दूध शीतल है मीठा है चिकना है वातपित्तको बहुत हरताहै वीर्यमें हित है पराक्रमको करता है सुंदर है कफको नाशता है और रसायन है ॥ ३ ॥ पाकमें स्वादु है रसमें शुद्ध है क्षयसे क्षीणमें बलको देता है श्वास खांसी परिश्रम भ्रम मद इन्होंको नाशता है ॥ ४ ॥ जीर्णज्वर मूत्रकृच्छ्र और रक्तपित्तमें श्रेष्ठ है गौवोंका दूध पवित्र है बलमें हित है पुष्टिको करता है॥५॥श्रेष्ठ है नेत्रोंमें हित है कांति और लावण्यको करता है ये गौका दूधके गुण हैं ॥ ६ ॥ भैंसका दूध बल वर्ण पराक्रम नींद वीर्यमें बल इन्होंको देता है तीक्ष्णाग्निको शांत करता है रसमें और पाकमें स्वादु है पुष्टिको देता है ॥ १ ॥ कसरतसे श्रांतहुआ शरीरवालाके परिश्रम और वातको नाशता है कामदेवसे रहितहुआ अत्यंत बूढाको

स्यस्त्रीषुकामप्रदायकम् ॥ बलिनस्तरुणस्यापि विशेषात्कामदायकम् ॥ २ ॥ माहिषंक्षीरम् ॥ अजानामल्पकायत्वात्कटुतिक्तनिषेवणात् ॥ नात्यंबुपानाद्व्यायामात्सर्वव्याधिहरंपयः ॥ ३ ॥ आजमग्निबलकृत्क्षयकासश्वासहानिलहरं परमंतत्॥ रक्तपित्तहरमाश्वतिसारे विस्वरेचविहितंहितमेव॥४॥ ॥ अजाक्षीरम् ॥ आविकंमधुरं स्निग्धं गुरुपित्तकफप्रदम् ॥ पथ्यंकेवलवातेषुश्वासे चानिलसंभवे ॥५॥ अविक्षीरम् ॥ उष्ट्रीक्षीरं सुप्तिशोफाहरंतत्पित्तश्लेष्माद्यर्शसां चप्रदिष्टम्॥ आनाहघ्नंचोदराणांचशस्तं जंतुघ्नंवैशस्यतेसर्वकालम् ॥ ६ ॥ उष्ट्रीक्षीरम् ॥ उष्णमेकशफंबल्यंश्वासवातापहंपयः ॥ मधुराम्ल-

भी कामदेव देता है बलवाला और जवानको विशेषकर कामदेव देता है ये गुण भैसका दूधके हैं ॥ २ ॥ बकरियोंका छोटा शरीर होनेसे चर्चरा और कडुवाको सेवनेसे बहुत पानी नहीं पीनेंसे और बहुत चलने फिरनेंसे बकरीका दूध सब रोगोंको हरता है ॥ ३ ॥ बकरीका दूध अग्नि बलको करता है क्षय खांसी श्वास वात इन्होंको हरता है रक्तपित्तको शीघ्र हरता है अतिसारमें और विगडा स्वरमें हित कहा है बकरीका दूधके ये गुण हैं—॥ ४ ॥ भेडका दूध मीठा है चिकना है भारी है पित्त कफको देता है केवल वात रोगमें और वातके श्वासमें पथ्य है भेडका दूधके ये गुण हैं ॥५॥ऊंटनीका दूध सुप्तिवात शोजा पित्त कफ आदि रोग ववाशीर आनाहरोग इन्होंको हरता है उदर रोगवालोंको श्रेष्ठ है कीडोंको नाशता है सब कालमें श्रेष्ठ है ऊंटनीका दूधके ये गुण हैं ॥ ६ ॥ एक खुरवालीका दूध बलमें हित है श्वास और वातको हरता है मीठा और खट्टा रस

रसंरूक्षंलवणानुरसंलघु॥७॥ खराश्वीक्षीरम् ॥ नार्या-
स्तुमधुरंस्तन्यंकषायानुरसंहिमम्॥नस्याश्चोतनयोः
पथ्यंजीवनंलघुदीपनम् ॥ ८ ॥ स्त्रीस्तन्यम् ॥ हस्ति
न्यामधुरंवृष्यंकषायानुरसंगुरु ॥ स्निग्धंस्थैर्यकरं
शीतंचाक्षुष्यं बलवर्द्धनम् ॥९॥ हस्तिनीस्तन्यम् ॥
पयोभिष्यंदिगुर्वामंप्रायशः परिकीर्त्तितम् ॥ तदेवा-
तिश्रृतं विद्याद्बृंहणम् ॥ १० ॥ वर्ज्ज-
यित्वास्त्रियाःस्तन्यमाममेव हि तद्धितम्॥ धारोष्ण-
ममृतंक्षीरंविपरीतमतोन्यथा ॥ ११ ॥ अनिष्टगंध
मम्लंच विवर्णंविरसंचयत् ॥ ॥ वर्ज्यंसलवणंक्षीरंय-
च्चविग्रथितंभवेत् ॥ १२ ॥ धारोष्णममृतंपथ्यं धारा
शीतंत्रिदोषकृत् ॥ श्रृतशीतंत्रिदोषघ्नं श्रृतोष्णंकफ-

वाला है रूखा है पीछे नमकके समान रसवालाहै हलका है गधी और घोडीका दूधके ये गुणहैं ॥ ७ ॥ नारीका दूध मीठा है पीछे कषैला रस वाला है शीतल है नस्य और आश्चोतनमें पथ्य है जीवन है हलका है दीपन है स्त्रीका दूधके ये गुण हैं—॥ ८ ॥ हथनीका दूध मीठा है पुष्टिमें हित है पीछे कषैलारसवाला है भारी है चिकना है स्थिरताको करता है शीतल है नेत्रोंमें हित है बलको बढाताहै हथनीका दूधके ये गुण हैं ॥ ९ ॥ प्रायतासे कच्चा दूध कफकारक और भारी कहा है अत्यंत पकाया दूध भारी है तृप्तिकारक है पुष्टि करता है ॥१०॥ परंतु स्त्रीके दूधको वर्जकर क्योंकि स्त्रीका दूध कच्चाही हित है धारसे गर्म रूप दूध अमृतहै इस्से विपरीत दूध निषिद्ध है ॥११॥ बुरा गंधवाला खट्टा विगडा वर्णवाला विगडा रसवाला नमकसहित और जो गांठोंवाला हो वह दूध वर्जित करना उचित है ॥ १२ ॥ धारसे गर्मरूप दूध अमृत है पथ्य है धारसे शीतल

वातजित् ॥ १३ ॥ अथाविकंपथ्यतमंश्रृतोष्ण-
माजंपयोवाश्रृतशीतमेव ॥ धारासुशीतंमहिषीपय-
श्चधारोष्णमेवंहितमेवगव्यम् ॥ १४ ॥ पित्तघ्नंमाहि
षंक्षीरंवातघ्नमाविकंपयः ॥ वातापित्तहरंगव्यंत्रिदोष-
घ्नमजापयः ॥ १५ ॥ प्रायः प्राभातिकं क्षीरं
गुरुविष्टंभि शीतलम् ॥ रात्र्यां सौम्यगुण-
त्वाच्चव्यायामाभावतस्तथा ॥ १६ ॥ दिवाक-
राभितप्तानांव्यायामानिलसेवनात् ॥ वातापित्तश्र-
मघ्नंचचक्षुष्यंचापराह्णिकम् ॥ १७ ॥ वृष्यंबृंहणम-
ग्निवृद्धिजननं पूर्वाह्णकालेपयोमध्यान्हेबलदायकंर-
तिकरंकृच्छ्राश्मरीक्षोदनम् ॥ बालेष्वग्निकरंक्षयक्षय-

हुआ दूध त्रिदोषको करताहै पकाके शीतल किया दूध त्रिदोषको नाशता है पकाया हुआ गर्म पीया दूध कफ बातको जीतता है ॥ १३ ॥ पकाया हुआ गर्म रूपही भेडकादूध अत्यंत पथ्य है बकरीका दूध पकाकै शीत लकिया पथ्य है धारोंसेही शीतल किया भैंसका दूध पथ्य है धारोंसेही गर्म रूप गौका दूध पथ्य है ॥ १४ ॥ भैंसका दूध पित्तको नाशता है भेडका दूध वातको नाशता है गौका दूध वात पित्तको नाशता है बकरीका दूध त्रिदोषको नाशता है ॥ १५ ॥ प्रायतासे प्रभातका दूध भारी है विष्टंभ वाला है शीतल है क्योंकि रात्रिमें सौम्य गुणसे और चलने फिरनेके अभावसे ॥ १६ ॥ सूर्यसे अभितप्त हुईयोंको चलने फिरनेंसे तथा वात-को सेवनेसे दुपहरा पीछेका दूध वात पित्त परिश्रम इन्होंको हरता है और नेत्रोंमें हित है ॥ १७ ॥ पहर दिन चढे पहलेका दूध वीर्यमें हित है पुष्टि करता है अग्रीको उपजाता है दुपहरका दूध बलको देता है रतिको करता है मूत्रकृच्छ्र और राकीपथे नाशता है रात्रिमें दूध बहुत

करंवृद्धस्यरेतोवहं रात्रौक्षीरमनेकदोषशमनं सेव्यं सदाप्राणिनाम् ॥ १८ ॥ भुक्ताये बहुतीव्रचंड-विदलायेचाम्लतिक्तारसारूक्षक्षारविदाहशोषकपरा येचातितापप्रदाः ॥ काषायाःकटुरूक्षदुर्जरतराःसं-सेव्यमानाहठात्ततत्सर्वबलकृत्करोतितरसादुग्धंनि-शासेवितम् ॥ १९ ॥ मुहूर्त्तपंचकादूर्ध्वंक्षीरंभ-जतिविक्रियाम्॥तदेवद्विगुणेकाले विषवद्धंतिमानव-म् ॥२०॥तस्माच्छृतंवाप्यश्रृतंपयस्तात्कालिकंपि-बेत् ॥ चतुर्भागजलंदत्वायत्नादावर्त्तितंपयः॥२१॥ अक्काथितं दशघटिकाःक्काथितं द्विगुणाश्चताः पयः पथ्यम् ॥ अथवा मधुररसाढ्यं यावत्तावत्पयः प्राश्यम् ॥ २२ ॥ तद्दद्याद्बलकृच्छ्रेष्ठंहितंसर्व-रुजापहम् ॥ जीर्णज्वरेकफेक्षीणेक्षीरंस्यादमृतो

दोषोंको नाशता है बालकोंमें अग्रीको करता है क्षयको नाशता है बूढाको वीर्य देता है प्राणियोंको सब कालमें सेवना उचित है ॥ १८ ॥ बहुत तेज और चंडरूप दाल आदि खट्टा कडुवा रूखा खारा दाहकारक शोषकारक और अत्यंत ताप कारक कषैले चर्चरे रूखे और अत्यंत दुःखसे जरनेंवाले ऐसे जो जो पदार्थ हठसे सेवित किये हैं उन सबों-को रात्रिमें पीया दूध बलकारक करता है ॥ १९ ॥ पांच मुहूर्त्त अर्थात् १० घडीसे उपरांत दूध बिगड जाता है और दश मुहूर्तसे उपरांत धरा हुआ दूध विषकी तरह मनुष्यको मारताहै ॥ २० ॥ तिस कारणसे पकाया अथवा नहीं पकाया तत्कालका दूध उसी वक्त पीना चौथा भाग पानी मिला जतनसे आवर्तित कर दूध पीना॥२१॥नहीं पकाया दूध दशघडीतक और पकाया दूध वीशघडीतक पथ्य है अथवा जबतक मधुर रसवाला दूध रहै तबतक पीना उचित है ॥ २२ ॥ श्रेष्ठ दूध देना

पमम् ॥२३॥ तदेवतरुणेपीतं विषवद्धंतिमानवम् ॥ येषांनसात्म्यंक्षीरेणपीतंचाध्मानकारकम् ॥२४॥ तेषामर्द्धजलंदत्वानागरंपिप्पलीयुतम् ॥ आवर्त्तयेत्क्षीरशेषंतत्पीत्वासुखमाप्नुयात् ॥ २५ ॥ पूर्वाह्णे प्रपिबेद्द्रव्यमपराह्णेतुमाहिषम् ॥ सशर्करंस्वेच्छया वायेषांसात्म्यं सदाभवेत् ॥ २६ ॥ आदौमध्येनच ग्रासेग्रासस्यांतेकदाचन ॥ सर्वंतन्मानशेषंतुपयःपेयं सदानरैः ॥ २७ ॥ पित्तघ्नं शृतशीतलंकफहरंपक्वं नदुष्टंपुनः शीतंसद्धनपाचितंतदखिलं विष्टंभदोषापहम् ॥ धारोष्णंत्वमृतंपयः श्रमहरंनिद्राकरंकांतिदं वृष्यं बृंहणमग्निवर्द्धनामितिस्वादुत्रिदोषापहम् ॥२८॥

बलको करता है हित है सब प्रकारके रोगोंको नाशता है जीर्णज्वरमें और क्षीण हुआ कफमें दूध अमृतके समान है ॥ २३ ॥ तरुणज्वरमें पीया दूध विषकी तरह मनुष्यको मारता है जिनको दूध नहीं सुहाता हो और पीनेमें अफारा करता हो ॥ २४ ॥ उन्होंको दूधमें आधा भाग पानी मिला सूंठ और पीपलका चूर्ण डाल अग्नी पै पकावै जब दूधमात्र शेष रहै तब उतार पीवै सुख प्राप्त होता है ॥ २५ ॥ पहर दिन चढे पहले गौका दूध पीना तीसरे पहर भैंसका दूध पीना जिन्होंको दूध सुहाता हो उन्होंनें खांड सहित अथवा अपनी इच्छाके अनुसार दूध पीना ॥ २६ ॥ आदिमें मध्यमें नहीं ग्रासमें और ग्रासके अंतमें कभीभी नहीं सब प्रकारका दूध प्रमाणित कर मनुष्योंनें सदा पीना ॥ २७ ॥ पकाके शीतल किया दूध पित्तको हरता है पका हुआ जो दुष्ट न हो वह दूध कफको हरता है बहुत पकाके शीतल किया दूध विष्टंभ दोषको हरता है धारसे गर्मरूप दूध अमृत है परिश्रमको हरता है नींदको करता है कांति देता है वीर्यको बढाता है पुष्टिको करता है अग्नीको बढाताहै

क्षीरभुक्तंनभुंजीतगोधूमान्नेनमानवः ॥ पिष्टान्नेनापि-
नाश्नीयान्नदध्नालवणेनवा ॥ २९ ॥ नमाषैर्नच-
मुद्गैर्वानगुडेनफलेनवा ॥ भूकंदैर्नचशाकैश्चमत्स्य-
मांसादिभिर्नच ॥ ३० ॥ पायसंभक्षयेद्युक्त्यात-
त्पक्वंहिसमांपिबेत् ॥ एणैर्मृगैर्मयूरैश्चतित्तिरीभिः क-
पिंजलैः ॥ ३१ ॥ सर्वैर्जांगलमांसैश्चपयोनप्रतिषि-
ध्यते ॥ वृष्यंहृद्यंचपथ्यंचतत्पीत्वानिलनाशनम्
॥ ३२ ॥ स्निग्धत्वाद्गौवाज्याड्यात्रिकालंनापिबे-
त्पयः ॥ समाग्निरपिकिंचान्योमंदाग्निर्विषमोथवा
॥ ३३ ॥ तीक्ष्णाग्नेर्ननुपांतव्यंद्विकालमपिमाहिष-
म् ॥ तस्यधातून्पचत्यग्निर्यदातेन नसिंचाति ॥ ३४॥
क्षीरंहितंश्रेष्ठरसायनंचक्षीरंवपुर्वर्णबलायुषंच ॥ क्षीरं

स्वादु है त्रिदोषको नाशता है ॥ २८ ॥ दूधके भोजनेको गेहूं अन्नके संग नहीं खावै पिसा अन्न दही अथवा नमक इन्होंके संगभी नहीं खावै ॥ २९ ॥ उडद मूंग गुड फल जमीकंद शाक मछलीका मांस आदि इन्होंके संगभी दूधका पदार्थ नहीं खाना॥ ३०॥खीरको युक्तिसे खावे लाल मृग मृग मोर तीतर सुपेद तीतर इन्होंके संग खीरको पीवै ॥ ३१ ॥ सब प्रकारके जांगल देशके जीवोंके मांसोंके संग दूधका निषेध नहीं है खीर वीर्यमें हित है सुंदर है पथ्य है पीनेसे वातको नाशती है ॥ ३२ ॥ चिकनापनासे भारीपनासे और जडपनासे तीनोंकाल दूध नहीं पीवै सम अग्नि वालाभी मंदाग्नि और विषमाग्निवालाकी कौन कथा है ॥ ३३ ॥ तीक्ष्ण अग्निवालाने दो काल भैंसका दूध पीना जब वह भैंसका दूध नहीं पीता है तब उसके अग्नि धातुओंको पकाता है ॥ ३४ ॥ दूध हित है श्रेष्ठ रसायन है शरीरका वर्ण बल और आयुको करता है मनुष्योंके अव-

हिचायुष्यकरं नराणांक्षीरंवयःस्थापनमुत्तमञ्च३५॥ क्षीरंहिसंदीपनवेदनीयं क्षीरंहिचोष्णंमलशोधनंच ॥ क्षीरंहिसंधानकृदुष्णशीतंक्षीरंकवोष्णं मलनाशनंच ॥ ३६ ॥ मत्स्यमांसगुडमुद्गमूलकैःकुष्ठमावहति सेवितं पयः ॥ शाकजांबवसुरासवेप्सितंमारयत्यबुधमाशुसर्पवत् ॥ ३७ ॥ अम्लेष्वामलकं पथ्यं लवणेषुचसैंधवम् ॥ कषायेष्वभयाप्रोक्ताकटुवर्गेतथार्द्रकम् ॥ ३८ ॥ इत्यायुर्वेदमहोदधौ श्रीसुषेणकृतेक्षीरवर्गः ॥ ३ ॥ अथ दधिगुणाः ॥ पवित्रमतिशीतंचदीपनंबलवर्द्धनम् ॥ वातघ्नंमधुरं रूक्षंदधिगव्यंमनोहरम् ॥ १ ॥ स्निग्धंविपाकेमधुरं दीपनंबलवर्द्धनम् ॥ वातापहं पवित्रंचदधिगव्यं रु-

स्थाको स्थित करनेंमें उत्तम है ॥ ३५ ॥ दूध अग्निको जगाता है गर्म दूध मलको शोधता है गर्मकर शीतल किया दूध टूटेको जोड़ता है अल्पगर्म दूध मलको नाशता है ॥ ३६ ॥ मछली मांस गुड़ मूंग मूली इन्होंके साथ सेवित किया दूध कुष्ठको करता है शाक जामनका रस मदिरा आसव इन्होंके संग सेवितकिया दूध मूर्खको सर्पकी तरह शीघ्र मारता है ॥ ३७ ॥ अम्लपदार्थोंमें आंवला पथ्य है नमकोंमें सेंधानमक पथ्य है कषैलोंमें हरड़े पथ्य हैं कटु अर्थात् चर्चरागणमें अदरक पथ्य है ॥ ३८ ॥ यह श्रीसुषेणवैद्यका किया आयुर्वेदमहोदधिमें दूधवर्ग समाप्त हुआ॥ ३॥ अब दहीके गुण कहते हैं—गौका दही पवित्र है अत्यंत शीतल है दीपन है बलको बढाता है वातको नाशता है मीठा है रूखा है सुंदर है॥ १॥ पाकमें चिकना है मीठा है दीपन है बलको बढाता है वातको नाशता है

चिप्रदम् ॥ २॥ अरोचकेपीनसकासकृच्छ्रेशीतज्वरे तद्विषमज्वरेच ॥ दुर्नामरोगग्रहणीगदे वा गव्यंप्रश-स्तंदधिसर्वदैव ॥ ३ ॥ शरद्ग्रीष्मवसंतेषु निंदितं दधिदोषकृत् ॥ हेमंतेशिशिरेचैव वर्षाकालेबलप्रदम् ॥ ४ ॥ गोदधि ॥ विपाकेमधुरंवृष्यं रक्तपित्तप्रसा-दनम् ॥ बलसंवर्द्धनं वृष्यंविशेषान्माहिषं दधि ॥ ५॥ स्निग्धं मधुरशीतंच बलवर्णकरं गुरु ॥ वृष्यंमेदस्करं स्वादुश्रमघ्नंवातनाशनम् ॥ ६ ॥ श्लेष्मामवर्द्धनं चैवसरंपुष्टिकरंतथा ॥ पथ्यंतीक्ष्णंच दहनं माहिषं दधिकांतिदम् ॥ ७ ॥ माहिषंदधि बलासकारकंव-ह्निमांद्यकरमाशु गुरुत्वम् ॥ तत्प्रयोज्यकटुकैरव

पवित्र है और रुचीको देता है ॥ २ ॥ अरोचक पीनस खांसी मूत्रकृ-च्छ्र शीतज्वर विषमज्वर ववाशीर ग्रहणी रोग इन्होंमें सदाही गौका दही श्रेष्ठ है ॥ ३ ॥ शरद् ग्रीष्म वसंत इन ऋतुवोंमें दही निंदित है दोषको करता है हेमंत शिशिर वर्षा इन ऋतुओंमें दही बलको देता है ॥ ४ ॥ भैंसका दही पाकमें मीठा है वीर्यमें हित है रक्त पित्तको साफ करता है विशेष कर बलको बढाता है ॥ ५ ॥ चीकना है मीठा है शी-तल है बल और वर्णको करता है भारी है पुष्टिको करता है मेदको करता है स्वादु है परिश्रमको और वातको नाशता है ॥ ६ ॥ कफ और आमको बढाता है सर है पुष्टिकारक है पथ्य है तीक्ष्ण है दाहकारक है कांतिको देता है ॥७॥ भैंसका दही कफको करता है मंदाग्निको शीघ्र करता है भारी है चर्चरे पदार्थोंके चूर्णसे युत किया भैंसका दही हलकापनको प्राप्त

चूर्णमाहिषं च लघुतामुपयाति ॥ ८ ॥ माहिषं दधि ॥ दध्याजंकफपित्तनाशनकरं वातघ्नमुष्णंतथा दुर्नामश्वसनेचकासविहितंचाग्नेश्चसंदीपनम् ॥ वृष्यं वृंहणकांतिदंबलकरं सर्वामयध्वंसनंकार्श्यंवाप्यति सारके निगदितं पथ्यंसदाप्राणिनाम् ॥ ९ ॥ कासश्वासहरं रुच्यंशोफातीसारनाशनम् ॥ आग्नेयंसर्वदोषघ्नं विशेषाच्छागजंदधि ॥ १० ॥ अजादधि ॥ आविकं मधुरं स्निग्धं गुरुपित्तकफप्रदम् ॥ पथ्यंकेवलवातेषुशोफेचानिलशोणिते ॥ ११ ॥ सर्वदोषकरं दूष्यंकंडूकुष्ठविवर्द्धनम् ॥ कृमिदुर्नामकृत्स्वादुविनिंद्यंचाविकंदधि ॥ १२ ॥ मेषी दधि ॥ वाजिजंसमधुरं बलवर्णस्वेददाहमुपयातिविनाशम् ॥ दीपनीयमिवदोषलं सदाचाक्षुषंच

होता है॥८॥ बकरीका दही कफपित्तको नाशता है वातको हरता है गर्म है बवाशीर श्वास खांसी इन्होंको नाशता है अग्नीको दीपन करता है वीर्यमें हित है पुष्टिको करता है कांतिको देता है बलको करता है सब रोगोंको नाशता है कृशपना अतीसार इन्होंमें मनुष्योंको सदा पथ्य कहा है ॥ ९ ॥ बकरीका दही खांसी और श्वासको हरता है रुचीमें हित है शोजा सहित अतीसारको नाशता है गर्म है विशेष कर सब दोषोंको नाशता है ॥१०॥ भेडका दही मीठा है चीकना है भारी है पित्तकफको देता है केवल वात शोजा वातरक्त इन्होंमें पथ्य है ॥ ११ ॥ सब दोषोंको करता है दुष्ट है खाज और कुष्ठको बढाता है कीडे और बवाशीरको करता है स्वादु है विशेषकर निंदित है ॥ १२ ॥ घोडीका दही मीठा है बलवर्ण पसीना दाह इन्होंको नाशता है दीपन है दोषकारक है नेत्रोंमें हित नहीं है वा-

मरुतः प्रविकोपि ॥ १३ ॥ तुरगीदधि ॥ वा-
तार्शकुष्ठकृमिनाशनंचह्यौष्ट्रं विपाकेकटुकं सति
क्तम् ॥ सक्षारमम्लंकृमिकोष्ठकोपकृद्बल्यंचसंत-
र्प्पणमाशुकारि ॥ १४ ॥ ॥ उष्ट्रीदधि ॥ गुरु-
मुष्णंकषायं च कफमूत्रापहंचतत् ॥ स्निग्धं विपाके
मधुरंबल्यंसंतर्प्पणं गुरु ॥ १५ ॥ चाक्षुष्यंग्राहिदो-
षघ्नंदधिनार्या गुणोत्तमम् ॥ ॥ स्त्रीदधि ॥ लघुपाके
बलासघ्नंवीर्योष्णं पित्तनाशनम् ॥ कषायानुरसंना-
ग्यादधिवर्चोविवर्द्धनम् ॥ १६ ॥ ॥ हस्तिनीदधि ॥
विज्ञेयमेवं सर्वेषांगव्यमेवगुणोत्तमम् ॥ वातघ्नंकफ
कृत्स्निग्धं बृंहणंनातिपित्तकृत् ॥ १७ ॥ कुर्या
द्भक्ताभिलाषंच दधिमस्तुबलप्रदम् ॥ शृत

तको कुपित करता है ॥ १३ ॥ ऊंटनीका दही वातकी ववासीर और कृ-
मियोंको नाशता है पाकमें चर्चरा है कडवाहै खारसहित है खट्टा है कृमि-
योंको कोठामें कुपित करता है बलमें हितहै तृप्तिको शीघ्र करता है॥ १४॥
स्त्रीका दही सर है गर्म है कसैला है कफको और मूत्रको नाशता है
चीकना है पाकमें मीठा है बलमें हित है तृप्तिकारक है भारी है ॥१५॥
नेत्रोंमें हित है मलको बांधता है दोषको नाशता है गुणोंमें उत्तम है
हथिनीका दही पाकमें हलका है कफको नाशता है गर्म वीर्यवाला है
पित्तको नाशता है पीछे कसेलारसवाला है मलको बांधनेवाला है
॥ १६ ॥ सब दहियोंमें गौका दही गुणोंमें उत्तम है वातको नाश-
ताहै कफको करता है चीकना है पुष्टिको करता है अत्यंत पित्तको नहीं
करता है ॥ १७ ॥ दहीकी मलाई भोजनमें इच्छा करती है बलको देती

क्षीरेचयज्जातंगुरुवद्दधितत्स्मृतम् ॥ १८ ॥ वा-
तपित्तहरंरुच्यंधात्वग्निबलवर्द्धनम् ॥दधिसारोगुरुर्वृ-
ष्योविज्ञेयोनिलनाशनः ॥१९॥ बस्तेर्विशोधनश्चापि
कफपित्तविवर्द्धनः ॥ दधित्वसाररूक्षंचग्राहिविष्टंभि
वातलम्॥दीपनीयंलघुतरंसकषायंरुचिप्रदम् ॥२०॥
तृष्णाक्लमहरंमस्तुलघुस्रोतोविशोधनम् ॥ अम्लंक-
षायंमधुरमवृष्यंकफवातनुत् ॥ २१ ॥ आल्हादनं
बृंहणंचभिनत्त्याशुमलंचतत् ॥ बलमावहतिक्षीरंभु-
क्तच्छंदंकरोतिच ॥ २२ ॥ बल्यंशोफकफाग्निमांद्य
जननंरक्तप्रदंशुक्रदंरूक्षारोचकपीनसे विषमकेशीत
ज्वरेतन्मतम् ॥ अम्लंस्याद्रसपाकतोगुरुतरंवातापः
हं शीतलंग्राह्युष्णं ग्रहणीगदेनिगदितंविण्मूत्रकृ-

है गर्म दूधमें उपजा दही भारी कहा है ॥ १८ ॥ वातपित्तको हरता है रुचीमें हित है धातु अग्नि बल इन्होंको बढाता है दहीका सार भारी है वीर्यमें हित है वातको नाशता है ॥ १९ ॥ मूत्राशयको शोधता है कफ पित्तको बढाता है सारसे रहित दही रूखा है मलको बांधता है विष्टंभ-वाला है वातको करता है दीपन है अत्यंत हलका है कसैला है रुचीको देता है ॥ २० ॥ मस्तु तृषा और ग्लानिको हरता है नाडीके स्रोतोंको शोधता है खट्टा है कसैला है मीठा है वीर्यमें हित नहीं है कफ वातको दूर करता है ॥ २१ ॥ आनंद देता है पुष्टिको करता है मलको शीघ्र नाशता है बल और दूधको देता है और भोजनमें रुचि करता है॥२२॥ बलमें हित है शोजा कफ मंदाग्नि इन्होंको उपजाता है रक्त और वीर्यको देता है रूखापन अरोचक पीनस विषमज्वर शीतज्वर इन्होंमें हित है रसमें और पाकमें खट्टा है अत्यंत भारी है वातको नाशता है शीतल

च्छ्रापहम् ॥ २३ ॥ ग्रहण्यांपीनसेमूत्रकृछ्रेचविषम ज्वरे ॥ अरोचकेचमंदाग्नौशस्यतेदधिसर्वदा ॥२४॥ लवणमरिचसर्पिःशर्करामुद्गधात्रीकुसुमरसविहीनंनै-वह्यंननित्यम् ॥ नचशरदिवसंतेनोष्णकालेनरात्रौ नदधिकफविकारेपित्तरोगेनदद्यात् ॥ २५ ॥ एलासैंधवशर्करासमरिचंधात्रीगुडंसर्पिषापथ्यंस्याद्वरमुद्ग-सूपसहितंसंसेवनीयंदधि ॥ नैवोष्णंबहुमंदजंनचशर-द्ग्रीष्मेवसंतेहितंपित्ताऽसृग्ज्वरकुष्ठदंभ्रमकरंवीसर्प्पदं चान्यथा॥२६॥दधिदोषगुणाः ॥दधित्रिकटुकयुक्तंरा जिकाचूर्णमिश्रंकफहरमनिलघ्नंचाग्निसंधुक्षणीयम्॥तु हिनशिशिरकालेसेवनीयं च पथ्यंभवति सुदृढकायो

सुगंधित धूपसे नाक और हाथको धूपित करै पीछे प्रसन्न गंधवाला होकै चंदनसे युत हुये हाथ प्रसन्न प्रकाशित कपूरसे गर्भित ऐसा मुखको मलै ॥ ४५ ॥ भोजनके ऊपर अच्छी तरह आचमन कर आंख और हाथोंको धोकै फिर दाहिना हाथसे बुद्धिमान् पेटको शुद्ध करै ॥ ४६ ॥ पीछे प्रसन्न हुये इंद्रिय और चित्तकी वृत्तिवाला होकै १०० पैर चलकै सुंदर कोमल सुंदर ऐसी पलंग पै बामीकरवट होकै राजा सुख पूर्वक स्थित होवै ॥ ४७ ॥ सुंदर वाणीवाली स्त्रियोंके साथ स्थित होकै सभा करै अथवा नींद आती हो तो राजा सुखपूर्वक सोवै ॥ ४८ ॥ अम्ल रससे युत हुये कितनेंक मनुष्य मधुरपनाके योगमें प्रणय होते है इसके अनंतर अम्लके योगमें मधुर पदार्थसे तृप्ति होती है उन्होको मनोवांछित पथ्य कहते है ॥ ४९ ॥ शीतल पानी गर्म पानी आसव मदिरा यूष फलोंकी कांजी अन्नकी कांजी दूध मांसका रस इन्हों मांहसे जो अनुपान हित

त्रयाच ॥ ५० ॥ व्याधिंचकालंच विभाव्यधीरैर्दे
यानिभोज्यानिचतानितानि ॥ सर्वान्नपानादिपरं व-
दंतिमेध्यंयदंभः शुचिभाजनस्थम् ॥ ५१ ॥ लोक-
स्यजन्मप्रभृतिप्रशस्तंतोयात्मकाःसर्वरसाश्चसृष्टाः ॥
संक्षेपएषोविहितोऽनुपानेह्यन्यैश्चतैर्विस्तरितंसमस्तम्
॥ ५२ ॥ पिष्टान्नेंबुहिमंपयश्चतिलजेतक्रं शुभंमा
षजेगोधूमेषुचकर्कटीचसततं मांसाशनेकांजिकम् ॥
नालीकेरफलेषुतंदुलकणान्सर्प्पिस्तुमोचाफलेनारिं
गंगुरुभक्षणेचसततं पिंडालुकेकोद्रवान् ॥ ५३ ॥
मयासुषेणेनकृतंहितायप्राणिप्रसादं जनयेच्चशीघ्रम्
॥ ५४ ॥ इत्यायुर्वेदमहोदधौश्रीसुषेणकृतेभोजना
नुपानवर्गः ॥ ॥ अथातस्तांबूलगुणाः कथ्यंते ॥

हो वह उसको मात्रासे देना ॥ ५० ॥ रोग और कालको विचारकर धीर मनुष्योंनें अनेक प्रकारके भोजन देने शुद्ध और पवित्र पात्रमें स्थित किया पानी सब अन्नपानोंसे उत्तम कहाता है ॥ ५१ ॥ संसारका जन्मसे लैके पानी उत्तम है सब रस पानीसे रचे जाते है अनुपानमें यह संक्षेप कहा अन्य तिस तिस पदार्थसे विस्तरित संपूर्ण कहा ॥ ५२ ॥ पीठी अन्न पै शीतल पानी तिलोंके पदार्थ पै दूध उड़दके पदार्थपै तक्र गीहुंके पदार्थ पै काकड़ी मांसका भोजनपै कांजी नारियलके फलों पै चावलोंके कणके केला फल पै घी नारिंगी फल पै भारी भक्षण पिंडालुक पै कोद्रू य अनुपान शुभ है ॥ ५३ ॥ मै सुषेणनें हितके लिये यह किया है मनुष्योंको सुख शीघ्र देता है ॥ ५४ ॥ यहां श्रीसुषेणका किया आयुर्वे-द महोदधिमें भोजनका अनुपानवर्ग समाप्त हुआ ॥ अब नागरपानके

कर्पूरकंकोललवंगपूगजातीफलैर्नागरखंडपर्णैः॥शुद्धा
इमचूर्णखदिरस्यसारं कस्तूरिकाचंदनचूर्णमिश्रम् ॥
तांबूलमेतत्प्रवदंतिवैद्याः॥१॥सौभाग्यदंकांतिसुखप्र
दंचह्यारोग्यमेधास्मृतिबुद्धिवृद्धिम् ॥ करोतिवह्नेरपि
दीपनंचह्यनंगसंदीपनभोगमध्ये ॥ २ ॥ प्रधानमे
तत्समुदाहरंतिह्यतोहिसर्वेसुखिनोमनुष्याः ॥ अह
र्निशंप्रीतिकरंभजंतेतांबूलपत्राणिहरंतिवातम् ॥३॥
पूगीफलंहंतिकफंसुहृद्यंचूर्णंनिहन्यात्कफवातमुच्चैः॥
हन्याच्चपित्तंखदिरस्यसार इत्थंहितांबूलमुदाहरंति ॥
दोषत्रयस्यापिनिवारणाय ततोऽत्रसेवेन्नकथंतदेतत्
॥ ४ ॥ ननेत्ररोगेनचपित्तरक्ते क्षतेनवातेनविषेनशो
षे॥मदात्ययेनापिनमोहमूर्च्छाश्वासेषुतांबूलमुशंति
वैद्याः ॥ ५ ॥ भुक्त्वान्नंसलिलंपीत्वा गृहीत्वा

गुण कहे जाते है—कपूर कंकोल लौंग सुपारी जायफल सूंठ नागरपान शुद्ध चूना कत्था कस्तूरी चंदनका बुरादा इन सबोंको मिला वैद्य तांबूल-कहते है ॥१॥ तांबूल सौभाग्यको देता है कांति और सुखको देता है आरोग्य शुद्धबुद्धि स्मृतिबुद्धि इन्होंको बढाता है अग्नीको जगाताहै काम देवको निश्च-य जगाता है॥ २ ॥ इसको प्रधान कहते है इस्से सब मनुष्य सुखी रहते है दिन रात्रि प्रीति कारक तांबूलको मनुष्य सेवते है यह वातको नाशता है ॥ ३ ॥ सुपारी कफको हरती है चूना कफ वातको हरता है कत्था पित्तको हरता है ऐसे तांबूलको कहते है त्रि दोषको दूर करनेंके लियें तांबूलको सेवता रहै ॥४॥ नेत्ररोग पित्तरक्त क्षतरोग वात विष शोष मदा-त्यय मोह मूर्छा श्वास इन्होंमें तांबूल खाना वैद्य नहीं कहते हैं ॥ ५ ॥ भोजन करकै पानी पीकै बहुत औषधको लेकै एकघड़ी देखकै मनुष्य

बहुभेषजम् ॥ प्रतीक्ष्यघटिकामेकां तांबूलंभक्षये-
न्नरः ॥ ६ ॥ गायत्रीगुटिकाचूर्णपूगनागलताद-
लम् ॥ यथोत्तरंयथास्वादमधिकांगेनयोजितम्॥७॥
समपत्रफलेरागोविरागस्तुफलाधिके ॥ चूर्णाधिकेतु
दुर्गंधिःपत्राधिक्येसुगंधता ॥ ८ ॥ प्रातःपूगाधिकं
कुर्याच्चूर्णाधिक्यंतुमध्यमे ॥ रात्रौपत्राधिकंकुर्या-
त्तांबूलस्येतिलक्षणम् ॥ ९ ॥ तदेवभूयःखदिरेण
युक्तंकुर्यादरोगंविशदंचवक्त्रम् ॥ आमोदनंरोचनदी-
पनंचप्रमेहमूत्रामयनाशनंच ॥ १० ॥ आलस्य
विद्रध्युपजिव्हिकानांसुतालुदंतार्बुदशोणितानाम् ॥
गलास्यगंडापचितालुशोषश्लेष्मामयानांचभृशंप्रश-
स्तम् ॥ ११ ॥ आद्यंतत्पिक्तकंत्याज्यंमहादोषक-

तांबूलको खावै ॥ ६ ॥ कत्थाकी गोली चूना सुपारी नागर पान य उत्तरोत्तर क्रमसे अधिक युक्त किये बहुत स्वाद देते है ॥ ७ ॥ नागर पान और सुपारी समान हों तो राग अर्थात् प्रीति होती है सुपारी अधिक होनेमें राग नहीं होता चूना अधिक होनेमें दुर्गंधि होती है नागर पान अधिक होनेमें सुगंधपना होती है ॥ ८ ॥ प्रभात विषे तांबूलमें सुपारी अधिक देनी दुपहरमें चूना अधिक देना रात्रिमें नागर पानका पत्ता अधिक देना तांबूलकायह लक्षण है ॥ ९ ॥ फिर कत्थासे युक्त किया वह रोगसे रहित सुन्दर ऐसा मुखको करता है आनंद देता है रोचन है दीपन है प्रमेह और मूत्र रोगको नाशता है ॥ १० ॥ आलस्य विद्रधि उपजिह्विका तालुरोग दंतार्बुद दन्तरक्त गलरोग मुखरोग गलगंड अपची तालुशोष कफके रोग इन रोगवालोंको अत्यन्त उत्तम है ॥ ११ ॥ तांबूलका

रंयतः॥द्वितीयंदुर्जरंभेदितृतीयाद्यमृतोपमम् ॥१२॥ पर्णस्यमूलंहरतियशोव्याधिंकरोतिच॥ मध्यंलक्ष्मी-हरंचाग्रमनायुष्यंचपापकृत् ॥ १३ ॥ शिराबु-द्धिंहरेच्चूर्णंपर्णलक्ष्मीहरंपरम् ॥ तांबूलंनैवसेवेत क्षीरंपीत्वातुमानवः ॥ १४ ॥ यावत्तत्पच्यते क्षीरंमुहूर्ताद्वापिशस्यते ॥ दंतदौर्बल्यपांडुत्वनेत्र-रोगबलक्षयान् ॥ तनोतिपार्श्वरोगांश्च तांबूलम तिसेवितम् ॥ १५ ॥ वातश्लेष्मप्रशमनंहृद्यंवन्हेश्च दीपनम्॥मुखवैरस्यहरणंकंकोलंभुक्तपाचनम्॥१६॥ जातीफलंरोचनदीप्तिकृच्चकफापहंकंठरुजापहंच ॥ रसेकटुश्रेष्ठमजीर्णनाशंनिहंतिशुक्रंकुरुतेचपित्तम्१७

पहला पीक त्यागना यह महादोषको करता है दूसरा पीक दुःखसे जरता है भेदन है तीसरा आदि पीक अमृतके समान है ॥ १२ ॥ पानकी जड यशको नाशती है रोगको करती है पानका मध्य भाग लक्ष्मीको हरता है पानका अग्रभाग आयुमें हित नहीं है पापको करता है ॥ १३ ॥ पानकी नाड़ी बुद्धिको हरती है पानका चूर्ण लक्ष्मीको हरता है दूधको पीकै मनुष्य तांबूलको नहीं सेवै ॥ १४ ॥ जबतक वह दूध पकै तबतक अथवा दो घड़ीतक तांबूल वर्जना अत्यन्तसेवित किया तांबूल दन्तोंकी दुर्बलता पांडुरोग बलक्षय और पसलीशूल इन्होंको करता है ॥ १५ ॥ कंकोल वात कफको शांत करता है सुन्दर है अग्नीको दीपता है मुखका विरसपनाको हरता है भोजनको पकाता है ॥ १६ ॥ जायफल रुची और कांतिको करता है कफको नाशता है कंठके रोगको नाशता है रसमें चर्चरा है श्रेष्ठ है अजीर्णको नाशता है

कंकोलजातीफलवल्लवंगंविशेषतश्छार्दिहरंविषघ्नम् ॥
स्वरक्षयेचापिमुखस्यपाकेत्वजीर्णबाधासुचपथ्यमे-
तत् ॥ १८ ॥ एलाद्वयश्छर्दिषुमूत्रकृ-
च्छ्रेमंदानलेपित्तगदेऽरुचौच ॥ स्वादुःसुशीतो
मधुरश्चपाकेह्यरोचकंहंतिचजातिकोशः ॥ १९ ॥
तांबूलयोग्यंक्रमुकंचतज्ज्ञामासत्रयादूर्द्धमुदाहरंति॥
मासेव्यतीतेतु भवंतिपूर्णान्यतीवह्यानिमनोहरा-
णि ॥ २० ॥ आर्द्रंतुगुर्वभिष्यंदिदृष्टच्यग्निवधकृत्प-
रम् ॥ शुष्कंतुवातलं स्निग्धंत्रिदोषशमनंपरम् ॥
स्विन्नपूगंत्रिदोषघ्नंपक्वं शुष्कंतुवातलम् ॥ २१ ॥
पक्वार्द्रंगुर्वभिष्यंदिबालार्द्रंकफपित्तहृत् ॥ पूगंस्या

वीर्यको नाशता है और पित्तको करता है ॥ १७ ॥ लौंग कंकोल और जायफलके समान गुणोंवाला है विशेषकर छर्दि और विषको हरता है स्वरक्षय मुखका पाक और अजीर्णकी पीडा इन्होंमें पथ्य है ॥१८॥ दोनों इलायची छर्दि मूत्रकृच्छ्र मंदाग्नि पित्तरोग अरुचि इन्होंमें हित है सुन्दर स्वादु है और पाकमें मीठा है जातिकोश अरोचकको नाशता है ॥ १९ ॥ सुपारी तीन महीनोंसे उपरांत तांबूलके योग्य होती है एक महीना व्यतीत होनेमें पूर्ण सुंदर और मनोहर ऐसी सुपारी हो जाती है ॥ २० ॥ गीली सुपारी भारी है अभिष्यंदी है दृष्टि और अग्नीको नाशती है सूकी सुपारी वातको करती है चीकनी है त्रिदोषको हरती है सिजाई हुई सुपारी त्रिदोषको नाशती है पकीहुई और सूकी सुपारी वातको करती हैं ॥ २१ ॥ पकी हुई गीली सुपारी अभिष्यंदी है कच्ची और गीली सुपारी कफ पित्तको

दृढमध्यंयच्छ्रेष्ठं नानाविधंहितत् ॥ २२ ॥ पाकदे-
शाभिदेशेन चिक्कणंसर्वदोषहृत् ॥ पूगगुणाः ॥
स्थूलक्रमुकतांबूलंश्लेष्मलंकृमिवर्धनम् ॥ तदेवशु-
भ्रवर्णाढ्यं श्लेष्मघ्नंकृमिनाशनम् ॥ २३ ॥ तीक्ष्णो-
ष्णःपरिणामशीतलतरः कंडूप्रमेहापहोनानास्राव-
जलाधिकः कृमिहरस्तृड्दाहपाकंजयेत् ॥ श्लेष्म-
घ्नश्चगलग्रहापहरणः संसुप्तजिह्वाग्रजित्कर्पूरःखलु
दिव्यसौरभगुणः पीताश्रयःस्फाटिकः ॥ २४ ॥
गलग्रहेसुप्तजिह्वेनानास्रावजलाधिके ॥ श्लेष्ममोहं
कृमीन्हंतिकर्पूरश्चाक्षुषःपरः ॥ २५ ॥ कर्पूरःकफ-
संभेदीतीक्ष्णोष्णःशीतलःपरः ॥ प्रमेहतृड्विदाहघ्नो
लक्ष्मीसौभाग्यवर्धनः ॥ २६ ॥ कस्तूरीसौरभाढ्या

हरती है मध्यमें करड़ी सुपारी श्रेष्ठ है और अनेक प्रकारकी है ॥ २२ ॥ पाकमें देशके अनुसार चीकनी सुपारी सब दोषोंको हरती है मोटी सुपारीसे युत किया तांबूल कफको करता है कृमियोंको बढाता है सुपेद वर्णवाली सुपारी कफको और कृमि रोगको नाशती है ॥ २३ ॥ कपूर तीक्ष्ण है गर्म है परिणाममें अत्यंत शीतल है खाज और प्रमेहको नाशता है अनेक स्राव और पानीको अधिक करता है कृमिरोगको हरता है तृषा दाह पाक इन्होंको जीतता है कफको हरता है गलग्रहको हरता है सुप्तजिह्वा रोगको जीतता है दिव्य सुगंधि गुणवाला है पीला यह स्फाटिक है ॥ २४ ॥ गलग्रह सुप्तजिह्वा अनेक स्राव और पानीकी अधिकतामें हित है कफ मोह कृमि रोग इन्होंको हरताहै नेत्रोंमें हित है ॥ २५ ॥ कपूर कफको भेदता है तीक्ष्ण है गर्म है बहुत शीतल है प्रमेह तृषा दाह इन्होंको नाशता है लक्ष्मी और सौभाग्यको बढाता है ॥ २६ ॥ कस्तूरी सुंगधवाली है चर्चरा रसवाली है भारी है खारी है कड़वी है

कटुकरसगुरुःक्षारतिक्तोष्णयुक्ता शीतारोगापहंत्री कफपवनहरापित्तकृच्छुक्रलाघ ॥ संतप्तोल्लासहेतुर्वमथुविषहरागात्रदौर्गंध्यहंत्री क्षुण्णापित्तप्रकोपंप्रशमयतिभृशंहंतिशोषंविषंच ॥ २७ ॥ यागंधंकेतकीनांवहतिभृशतरंवर्णतः पिंगलाभास्वादेतिक्ता कटूष्णालघुपरितुलितामर्दितावैवसास्यात् ॥ दग्धा नोयातिभूतिंचिमिचिमिकुरुनेचर्मगंधंहुतांतेसाशुद्धा शोभनीया मृगवरतनुजा राजयोग्याप्रदिष्टा ॥ ॥ २८ ॥ करतलजलमध्येस्थापनीयामहद्भिः पुनरपितदवश्यंचिंतनीयामुहूर्तम् ॥ यदिभवतिचरक्तं तज्जलंपीतवर्णं नभवतिमृगनाभिः कृत्रिमोयंवि-

गर्म है शीतके रोगको नाशती है कफ वातको हरती है पित्त और वीर्यको करती है गर्माईका हेतु है छर्दि और विषको हरती है शरीरके दुर्गंधपनाको हरती है पित्तके कोपको शांत करती है शोष और विषको अत्यंत नाशती है ॥ २७ ॥ जो केतकीके गंधको अत्यंत प्राप्त होती है वर्णमें पिंगलकांतिवाली है स्वादमें कड़वी है चर्चरा है हलकी है मर्दित की गंधको देती है जलानेमें राखको प्राप्त नहीं होती चिमि चिमि करती है जलनेमें चाम सरीखा गंध देती है ऐसी कस्तूरी शुद्ध और शोभनके योग्य है यह उत्तम राजोंके योग्य कही है ॥ २८ ॥ बडे पुरुषोंनें हाथके तलुआमें स्थित किया पानीमें स्थापन करनी योग्य है फिरभी वह निश्चय दो घड़ीतक चिंतवन करनी योग्य है जो वह पानी लाल और पीला वर्णवाला हो तब वह कस्तूरी नहीं जाननी किंतु

कारः॥२९॥चंदनंरक्तपित्तघ्नंदाहमूर्च्छातिसारनुत्॥
शीतलंश्लेष्मलंहृद्यंकिंचिद्वातप्रकोपनम्॥३०॥पित्ता
स्रंहरतेसदाहपवनंव्यापादयेत्सर्वदामूर्च्छामोहतृषा-
स्यशोषशमनो दुर्गंधिनिर्णाशकः ॥ कंडूकुष्ठभगं
दरस्यशमनः पूर्तींछिनत्तिध्रुवंमेहंकृच्छ्रमतीवदुर्ध
रतरं निर्णाशयेद्दैहठात् ॥ ३१ ॥ शीतंपित्तवि-
नाशनं समधुरंकिंचित्सतिक्तंतथा कंडूशोषविषापहं
कृमिहरं सौभाग्यकांतिप्रदम् ॥ सौगंध्यंकुरुतेकि
मप्यभिनवंगात्रेषुपुष्टिप्रदं संतोषंविदधातिचेतसिपरं
स्निग्धंचकृष्णागुरु ॥ ३२ ॥ स्निग्धच्छायोष्णतीक्ष्णं
कटुसुरभिगुणंकुंकुमंवातरक्तंरक्तादीनूर्ध्वगात्रेप्रबल-
बहुरुजोनाशयेज्जाड्यहारी ॥ त्वग्जाकंडूतिपामामुख

कृत्रिम कस्तूरी है ॥ २९ ॥ चंदन रक्तपित्तको नाशता है दाह मूर्छा और अतिसारको दूर करता है शीतल है कफको करता है सुंदर है कछुक वातको कोपता है ॥ ३० ॥ पित्तरक्तको हरता है दाह वात मूर्छा मोह तृषा मुखशोष इन्होंको शांत करता है दुर्गंधिको नाशता है खाज कुष्ठ भगंदर इन्होको शांत करता है दुर्गंधको काटता है प्रमेह और अत्यंत कष्टसाध्य मूत्रकृच्छ्रको हठसे नाशता है ॥ ३१ ॥ काला अगर शीतल है पित्तको नाशता है मीठा है कछुक कड़वा है खाज शोष विष कृमि इन्होंको हरता है सौभाग्य और कांतिको देता है ॥ नया काला अगर सुगंधपनाको करता है अंगोंमें पुष्टि देता है चित्तमें संतो-षको करता है॥ ३२॥और चीककेसर चीकनाहै गर्म है तीक्ष्ण है चर्चरा है सुगंधित गुणोंवाला है वात रक्त शरीरके ऊपरले भागमें स्थित हुआ रक्त आदि बहुत पीडाको नाशता है जडपनाको हरता है त्वचा रोग खाज

विषमभवान्ध्वंसयत्युग्ररोगान्सौवर्णींकांतिमंगे वित
रतिसततंभाग्यसौभाग्ययोगान् ॥ ३३ ॥ केसर-
कुंकुममत्रपवित्रंमर्दनचारुवपुः कुरुतेच ॥ सौरभ-
देहकरंचसुकांतं पुण्यवधूतिलकेषुचशस्तम् ॥३४॥
ऋतुषुऋतुषुयोज्यंचंदनं कुंकुमंवामृगमदघनलेपः
कार्यतेसर्वदैव ॥ सुरभिकुसुमदामस्फारकर्पूरचूर्णो
विमलधवलवासंसर्वकालोपयोज्यम् ॥ ३५ ॥ जीर्य-
त्यन्नंसुखंभुक्तमेकवारंयदृच्छया ॥ द्विकालमपिभुं
जीतसमाग्निस्त्वर्धमात्रया ॥ ३६ ॥ कठिनंदुर्जरं
यच्चयच्चदाहकरंभवेत् ॥ तत्सर्वंनिशिवर्ज्यंस्याद्द्रव्यंल
घुचशीलयेत् ॥ ३७ ॥ इत्यायुर्वेदमहोदधौश्रीसुषेण
कृतेअनुलेपनवर्गः ॥ अथातोवस्त्रगुणाःकथ्यंते ॥

रोग पाम मुखरोग विषम रोग इन्होंको नाशता है अंगमें सोना सरीखा वर्णको देता है भाग्य और सौभाग्यके योगोंको निरंतर देता है ॥ ३३ ॥ केसर पवित्र है मर्दनसे शरीरको सुंदर करता है शरीरको प्रकाशित और सुगंधको देता है पवित्र वधूओंके तिलकोंमें उत्तम है ॥ ३४ ॥ चंदन अथवा केसर ऋतु ऋतुके योग्य योजित करना कस्तूरीका करड़ा लेप सब कालमेंही करना सुगंधित फूल निर्मल और सुपेद कपडा सब काल धारण करना ॥ ३५ ॥ एक वार सुखसे भोजन किया अन्न सुख पूर्वक जरता है समान अग्निवाला मनुष्य आधी मात्रासे दो काल भी भोजन करै ॥ ३६ ॥ कठोर दुर्जर और दाह कारक ऐसा भोजन रात्रिमें वर्जित करना और हलका भोजनसेवना ॥ ३७ ॥ यहां श्रीसुषेणका किया आयुर्वेदमहोदधिमें अनुलेपनवर्ग समाप्त हुआ ॥ अब

वस्त्राणामुपभोगोयमधुनापरिकीर्त्यते॥ अश्विनीवस्त्र-
दाप्रोक्ताभरणीधनवर्धनी॥ १॥पुनर्वसौवसुप्राप्तिःपुष्ये
सौख्यंप्रवर्तते ॥उत्तरायांयशोलाभोहस्तेसिद्धिस्तुक-
र्मणाम् ॥ २ ॥ चित्रायांशुभसंप्राप्तिः स्वात्यांसौभा-
ग्यसंपदः ॥ विशाखायांजनेप्रीतिर्मैत्रेमित्रसमागमः
॥ ३ ॥ पुष्टिःस्यादुत्तराषाढेधनिष्ठाधान्यपूरणी ॥
उत्तरायांशुभप्राप्तीरेवतीत्वभिवृद्धिकृत् ॥ ४ ॥
एवमृक्षगुणाःप्रोक्तानवीनांबरधारणे ॥ गृहोत्सवेवि-
विवाहेचपरभूपालसंगमे ॥ ५ ॥ उत्सवेषुचसर्वेषु
गीतनृत्यविनोदने ॥ देवकर्मणियज्ञेचतथायुद्धम-
होत्सवे ॥ ६ ॥ जयेनवांबरंधार्यंनदुष्यतिकदाचन ॥
कृतानुलेपोराजेंद्रो वस्त्रभांडाधिकारिणः ॥ ७ ॥

वस्त्रके गुण कहते है—वस्त्रोंको धारण करना अब कहते है अश्विनी वस्त्र देनेंवाली कही है भरणी धनको बढाती है पुनर्वसुमें धनकी प्राप्ति होती है ॥ १ ॥ पुष्यमें सुख बढता है उत्तरा फाल्गुनीमें यशकी प्राप्ति होती है हस्तमें कार्योंकी सिद्धि होती है ॥ २ ॥ चित्रामें शुभकी प्राप्ति होती है स्वातीमें सौभाग्य और संपद् मिलती है विशाखामें मनुष्योंमें प्रीति होती है अनुराधामे मित्रसे समागम होताहै ॥ ३॥ उत्तराषाढमें पुष्टि होती है धनिष्ठामें अन्नकी प्राप्ति होती है उत्तराभाद्रपदमें शुभकी प्राप्ति होती है रेवती सब तर्फसे वृद्धि देती है ॥ ४ ॥ नया वस्त्र धारनेमें नक्षत्रोंके गुण ये कहते है घरका उत्सव विवाह उत्तम राजाका समागम ॥ ५ ॥ सब प्रकारके उत्सव गाना नाचना आनंद देवकर्म यज्ञ युद्धका महोत्सव ॥ ६ ॥ और जय इन्होंमें नया वस्त्र धारन करना कभीभी दूषित नहीं है किया

आनेतुमादिशेद्वस्त्राण्युत्तमानिबहूनिच ॥ पंचपट्टन-
जातानि दोषादिशमनानिच ॥ ८ ॥ चीनजातानि
दिव्यानिमहाचीनभवानिच ॥ कलिंगदेशजातानि
पीतानिहरितानिच ॥९॥ नीलानिचतथाप्रांतेपल्लवे-
ष्वसितानिच ॥एतदव्यग्रचित्तानिशितिरेखामयानिच
॥ १० ॥ नानावर्णसुरेखाणिपंचवर्णांचलानिच ॥
उत्तरीयाभिरेखाणिमध्येसूक्ष्मसुरेखया ॥ ११ ॥
अंगुल्यायुतरेखाणि सूक्ष्मरेखाणिमध्यतः ॥ अंगु-
लीद्वयरेखाणिवृत्तरेखाणिकुत्रचित् ॥ १२ ॥ चतुः
कर्णसुरेखाणिक्वचिद्बिंदुयुतानिच ॥ सुश्लक्ष्णानि
सुसूक्ष्माणिघनानिविरलानिच ॥ १३ ॥ बहूनिबहु
मूल्यानिगुरूणिसुदृढानिच ॥ प्रवालाधिकरंगाणि

हुआ अनुलेपवाला राजेंद्र वस्त्रभांडके अधिकारीको ॥ ७ ॥ उत्तम और बहुतसे वस्त्र लानेंकी आज्ञा करै पंचपट्टनमें बनाये दोष आदिको शांत करनेवाले ॥ ८ ॥ चीनमें रचे हुये दिव्य महाचीनमें रचेहुये कलिंग देशमें रचेहुये पीले और हरे ॥९॥ प्रांतमें नीले और पल्लवोंमें सुपेद ऐसे अविनाशी रूप रचे हुये काली रेखाओंवाले ॥ १० ॥ अनेक वर्ण वाली सुंदर रेखाओंवाले पांचवर्णोंसे अचल हुये उत्तरीय वस्त्रके सब तर्फ रेखावाले मध्यमें सूक्ष्म सुन्दर रेखा करकै ॥ ११ ॥ अंगुलीसे युत हुई रेखा करकै मध्यमें सूक्ष्म रेखावाले दो अंगुलीयों सरीखी रेखावाले कहींक गोल रेखावाले ॥ १२ ॥ चार कानरूपी सुन्दर रेखाओंवाले कहींक बिंदुओंसे युत सुन्दर श्लक्ष्ण सुंदर मिहीन घनरूप और विरल ॥ १३ ॥ बहुतसे बहुत मोल

रंजितानिचयंत्रकैः ॥ १४ ॥ तरुबंधसुरक्तानिना-
नावर्णाकृतीनिच ॥ मंजिष्ठारागरक्तानि लाक्षाराग-
युतानिच ॥ १५ ॥ कुसुंभरसलिप्तानिसिंदूरार्कयु-
तानिच ॥ हरिद्रारागमिश्राणिनीलीरागोद्भवानिच
॥ १६ ॥ अभयारसकृष्णानिपलाशहरितानिच ॥
चातकपुच्छवर्णानिहंसतुंडमयानिच ॥ १७ ॥
शुकपिच्छलवर्णानिकेकिकंठच्छवीनिच ॥ ची-
रस्फटिकसिल्लाकप्रच्छदैश्चयुतानिच ॥ १८ ॥
पट्टिकाचर्पुटीपट्टपट्टाश्चविविधाः शुभाः ॥ अं-
गिकाचतथोष्णीषं टोपिकाविविधाकृतिः ॥ १९ ॥
प्रचाराविविधाकारादर्शितावस्त्रधारिभिः ॥ विचि-
त्रवर्णवस्त्राणिपट्टसूत्रमयानिच ॥ २० ॥

वाले भारे सुंदर दृढरूप मूंगाके समान अधिक रंगों वाले यंत्रोंसे रंगे हुये ॥ १४ ॥ वृक्षोंके बंधसे रंगे हुये अनेक प्रकारका वर्ण और आकृति-वाले मंजीठका रंगसे रंगे हुये लाखका रंगसे रंगे हुये ॥ १५ ॥ कसूंभा-का रससे लिपे हुये सिंदूरका अर्कसे युत हुये हलदीका रंगसे मिले हुये नीलका रंगसे उपजे हुये ॥ १६ ॥ हरड़ैका रससे काले हुये पलाश अर्थात् ढाकके समान हरे पपैयाकी पुच्छके समान वर्णवाले हंसका तुंड सरीखे ॥ १७ ॥ तोताकी तरह सब जगह पिच्छल हुये मोरका कंठके समान कांतिवाले चीर स्फटिक और सिल्हाक इन्होंके वस्त्रोंसे युत हुये ऐसे वस्त्र होने चाहिये ॥ १८ ॥ पट्टिका चर्पुटी पट्ट इन्होंके बने अनेक प्रकारके शुभ वस्त्रहों अंगरखा पगड़ी अनेक प्रकार आकृ-तियोंवाली टोपी ये सब होने चाहिये ॥ १९ ॥ वस्त्रोंको धारन करने-वालोंनें दिखाये अनेक प्रकारके आकारोंवाले प्रचार होने चाहिये, पाटका-

वसंतेबिभृयाद्राजाक्षौमकार्पासजानिच ॥ सुश्लक्ष्णा-
निमनोज्ञानिसूक्ष्माणिविरलानिच ॥ २१ ॥ नि-
दाघेधारयेद्राजासितानिवसनानिच ॥ रोमजानिसुसू-
क्ष्माणिश्लक्ष्णानिविविधानिच ॥ २२ ॥ मंजिष्ठा-
निचरक्तानिप्रावृट्कालेविधारयेत् ॥ पाटलान्यक्षि-
रोमाणिधूम्राणिमधुराणिच ॥ २३ ॥ शरत्कालेच
सूक्ष्माणिवसनानिचधारयेत् ॥ कौसुंभानिसुभव्या-
निलाक्षकाणिघनानिच ॥ २४ ॥ अंगिकाःपट्टिका
जाताः शीतकालेभिधन्नृपः ॥ ऋतूनामनुसारेण शृं-
गारस्यानुरागतः ॥ २५ ॥ एवंयद्बिभृयाद्वस्त्रं
वस्त्रभोगःप्रकीर्तितः ॥ श्वेतंदुकूलमम्लानमोजोवीर्य-
विवर्धनम् ॥ २६ ॥ कफकृत्पित्तशमनंश्रमतृड्-
दाहनाशनम् ॥ मांजिष्टंदाहकात्युष्णंकफवातानु-

सूतसे बने विचित्र वर्णके वस्त्र होने चाहिये॥२०॥वसंत ऋतुमें राजा रेशमी और रूईके वस्त्रोंको धारै सुंदर मनोहर महीन निर्मल ॥२१॥और सुपेद ऐसे वस्त्रोंको राजा ग्रीष्म ऋतुमें धारै– रोमोंसे बने सुन्दर सूक्ष्म मिले हुये घन ॥ २२ ॥ मंजीठसे रंगे और लाल रंगवाले ऐसे वस्त्रोंको वर्षाकालमें धारै सुपेद आंखके रोमोंसे बने धूम्रवर्णवाले और मधुर ऐसे ॥ २३ ॥ वस्त्रोंको शरद्ऋतुमें धारै कसूंभासे रंगे सुन्दर मंगलीक लाखसे रंगे हुये घन रूप॥२४॥ ऐसे अंगरखा आदि और पट्टिकासे बने वस्त्रोंको राजा शीतकालमें धारै ऋतुओंके अनुसार और शृंगारकी प्रीतिसे ॥ २५ ॥ इस प्रकार जो वस्त्र धारै वह वस्त्रभोग कहा है– सुपेद वस्त्र मनको प्रसन्न करता है बल और वीर्य बढाता है ॥ २६ ॥ कफको करता है पित्तको शांत करता है परिश्रम तृषा और दाहको

लोमनम्॥पट्टसूत्रमयंवस्त्रंत्रिदोषशमनंविदुः ॥२७॥
सुश्वेतंचदुकूलमत्रबलकृत्पित्तप्रशांतिप्रदमोजोवीर्य-
विवर्द्धनंरतिकरंमर्मातिदाहच्छिदम् ॥ तृष्णाशोषवि-
भेदनंधृतिकरंकांतिप्रदंश्लेष्मलं क्षौमंशुक्लमतीवह्रद्य-
ममलंपित्तामयध्वंसकम् ॥ २८ ॥ मांजिष्ठं
चविदाहितत्कफहरंपथ्यं च वातामयध्वंसेचारुतरं
सुखंचकुरुतेश्लेष्मप्रकोपंजयेत् ॥ पुष्टिंशीतविघा-
तकंमलहरंसश्लेष्मवातापहं विद्यादेवगुणंमहामयहरं
मांजिष्ठवस्त्रंसदा ॥ २९ ॥ पट्टंसूत्रमयन्त्रिदोषशमनं
वातामयध्वंसनंरक्तासृग्विनिहंतिपित्तपवनंव्यापाद-
येत्तत्सदा ॥ मेहंकृच्छ्रमदात्ययंचगरजिद्वाता-
नुलोमंसदासर्वश्रेष्ठतमंचपथ्यसततंश्रीरामयोग्यंमह-

नाशता है मंजीठसे रंगा वस्त्र दाहको करता है गर्म है कफ वातको अनुकूल करता है ॥ पाटके सूतसे बना वस्त्र त्रिदोषको शांत करनेंवाला कहा है ॥ २७ ॥ सुन्दर सुपेद वस्त्र बलको करता है पित्तको शांत करता है पराक्रम और वीर्यको बढाता है रतिको करता है मर्मोंके अत्यन्त दाहको नाशता है तृषा और शोषको नाशता है धैर्यको करता है कांतिको देता है कफवाला है सुपेद रेशमी वस्त्र सुन्दर और मलसे रहित हो वह पित्तके रोगको नाशता है ॥ २८ ॥ मंजीठसे रंगा वस्त्र विशेष दाहको करता है कफको हरता है वातके रोगमें पथ्य है क्षयमें अत्यन्त सुन्दर है सुखको करता है कफके कोपको जीतता है पुष्टिको देता है शीतको नाशता है मलको हरता है कफ वातको नाशता है बढारोगको नाशता है ऐसे गुणोंवाला जानना ॥ २९ ॥ सूतका वस्त्र त्रिदोषको शांत करता है वातरोगको नाशता है रक्तके रोगको नाशता

त् ॥ ३० ॥ इत्यायुर्वेदमहोदधौश्रीसुषेणकृते वस्त्राधिकारः ॥ ॥ अथमुखवासः ॥ लवंगजातीमृग-जाशशीनांभागद्वयंजातिफलंत्रयञ्च ॥ वल्लद्वयंत्वक् चतमालपत्रंकंकोलमुस्ताइहतुर्यवल्लाः॥ खैरस्यसार-स्यतथाष्टभागंभागद्वयंसाधुसुचंदनस्य ॥१॥कृष्णा-गुरुश्चारुतथैकभागएलाचवल्लद्वयमुक्तचूर्णम् ॥ षड्-भागकंकुंकुमकेसराणामालोडयेत्पुष्परसेनयुक्तम् ॥ ॥ २ ॥ मासप्रयोगेणसशुष्ककासंवटीचबद्धाचण-कप्रमाणा ॥ एषास्यवैरस्यहरातिपथ्याहंत्यन्नजी-र्णंजठरेषुजातम् ॥ वातामयंहंतिसदानृपाणांतांबूल रागंकुरुतेऽतिरम्यम् ॥ ३ ॥ खिरगुटिका ॥ एला-गद्याणकार्द्धात्वगपिद्विगुणितासार्द्धगद्याप्ययुक्तायो-

है पित्तरोग वातरोग प्रमेह मूत्रकृच्छ्र मदात्यय इन्होंको नाशता है कृत्रिम विषको जीतता है सब काल वातमें अनुकूल है सबोंमें उत्तम श्रेष्ठ है निरंतर पथ्य है श्रीरामके योग्य है बडा है ॥ ३० ॥ यहां श्री-सुषेणका किया आयुर्वेदमहोदधिमें वस्त्राधिकार समाप्त हुआ ॥ लौंग जावित्री कस्तूरी कपूर ये २ भाग जायफल ३ भाग दालचीनी और तेजपत्ता चार चार रत्ती कंकोल और नागरमोथा ये आठ आठ रत्ती खैरसार ८ भाग सुन्दर चन्दन २ भाग ॥ १ ॥ सुन्दर कालाअगर १ भाग इलायची ४ रत्ती केशर छः भाग इन्होंको फूलोंके रससे आलो-डित करै ॥ २ ॥ चनाके समान गोली बांध महीनाभर सेवै सूकी खांसीको नांशती है यह विरसपनाको हरती है अत्यन्त पथ्य है भोज-नको जराती है पेटमें उपजा वातरोग इन्होंको नाशती है राजाओंको तांबूलका राजके समान अत्यन्त रमण करता है ॥ ३ ॥ इलायची

गाजातीफलानांलकुचदलपृथग्जातिपत्रीदलंच ॥
शाणौद्वौनागपुष्पाफलजानितामितिश्चंदनाद्द्वौचकर्षौ
तिक्तामुष्टिश्चकार्या द्विपलमितियुते चंद्रकस्तूरि-
केच ॥ ४ ॥ द्वौभागौभागमेकंत्वितिसकलमिदं
चूर्णितंवस्त्रपूतंराज्ञश्चित्ताययोग्यंसकलसुखकरंसर्वरो-
गघ्नमेतत् ॥ आस्येसंधार्ययत्नात्सकलमुखगदान्
हंतिनित्यंनृपाणां तांबूलस्यैवरागंजनयतिच शुभं
पक्वबिंबाधरोष्ठम् ॥ ५ ॥ मुखवासः ॥ मांसी
शैलेयकंस्यात्क्रमुकफलयुतं क्वाथतांबूलपत्रंजाती
पत्र्यासमांशंकुसुममलयजंकोष्ठकंकोलकंच॥ द्वौभा-
गौसैलुवालुंसमघृतमखरंचूर्णयित्वासमस्तंवासं द-
त्त्वानुपुष्पैःसुरभिपरिमलंराजयोग्यंचवासम् ॥ ६ ॥
एलालवंगफलजातिसकोलकंचकुष्ठं च खादिरसमांश-

आधा भाग दालचीनी १ भाग जायफल १ भाग लीचूके पत्ते जावि-त्रीके पत्ते ये आठ आठ मासे नागकेसर ४ तोले दोनों चन्दन २ तोले कुटकी ४ तोले कपूर और कस्तूरी ८ तोले ॥ ४ ॥ दो भाग अथवा एक भाग इस सम्पूर्ण चूर्णको कपडासे छान वर्तै राजा लोगोंके योग्य है सब सुखको करता है सब रोगोंको नाशता है यतनसे राजाओंको मुखमें नित्य धारना मुखके सब रोगोंको नाशता है तांबूलका रंगकी तरह पका हुआ बिंबीफलके समान अधर होठको करता है ॥ ५ ॥ जटा मांसी शिलाजीत सुपारी नागरपान जावित्री चमेलीके फूल मल-यागिरचन्दन कूट कंकोल ये सब समान भाग एलवा २ भाग इन्होंमें बराबर भाग घी मिला कोमल चूर्णकर सुगंधित फूलोंका वास देनेसे राजाओंके योग्य मुखवास बनता है ॥ ६ ॥ इलायची लौंग जायफल

सचंदनंच ॥ मुस्तासवालककचोरकपूगचूर्णं मांस्ये
कभागार्द्धकपत्रकंच॥सर्वंविचूर्ण्यवसनेनविगालितंच
राज्ञश्चयोग्यमुखवाससमुखामपघ्नः ॥ ७ ॥ एलाक-
र्चूरकंकुष्ठंनागकेसरचंदनम् ॥ खादिरंयुगचूर्णंच
मुखवासोविधीयते ॥ ८ ॥ कर्पूरचूर्णस्यचभाग-
मेकं कस्तूरिभागार्द्धकचोरभागम् ॥ भागद्वयं
स्यात्क्रमुकस्यचूर्णंखैरस्यसारस्यपलद्वयंच ॥ ९ ॥
गद्याणमेकंचतमालपत्रंलवंगजातीफलभागमेकम् ॥
श्रीखंडचूर्णस्यचभागमेकमेकीकृतंसर्वमतीवह्रद्यम्
॥ १० ॥ चूर्णंचभांडेविनिहृत्यसर्ववासोऽपिदद्या-
त्सितपुष्करेण ॥ जात्याश्चपुष्पस्यचकेतकीनां
भूयोऽतियोग्योमुखवास एषः ॥ ११ ॥ सुषेण-
देवेनकृतःसमस्तोमुखामयघ्नोगदनाशनश्च ॥ इ-

कंकोल कूट खैर सार चन्दन नागरमोथा नेत्रवाला कचूर सुपारी ये समान भाग ले जटामांसी १ भाग तेजपत्ता आधाभाग सबोंका चूर्णकर कपडासे छानै यह मुखवास राजाओंके योग्य है मुखके रोगको नाशता है ॥७॥ इलायची कचूर मुर्दाशिंग नागकेसर चन्दन ये समान भाग और कत्था ४ भाग इन्होंका मुखवास बनता है ॥ ८ ॥ कपूरका चूर्ण १ भाग कस्तूरी १ भाग कचूर आधा भाग सुपारीका चूर्ण २ भाग खैरसार ८ तोले ॥९॥ तेजपत्ता १ भाग लौंग और जायफल १ भाग चंदनका चूर्ण१ भाग इन सबोंको मिला यह चूर्ण अत्यंत सुंदर है ॥ १० ॥ संपूर्ण चूर्णको पात्रमें घाल सुपेद-कमलके फूलोंसे वास देना चमेलीके फूल और केतकीके फूलोंका फिर वास देना यह मुखवास राजाओंके योग्य है ॥ ११ ॥ सुषेण देवनें मुखरोगनाशक और रोग नाशक मुखवास किया ॥ यहां श्रीसुषेणका

त्यायुर्वेदमहोदधौ श्रीसुषेणकृतेमुखवासाधिकारः ॥
अथधूपाधिकारः ॥ मांसीचंदनशैलजेनसहितं
पथ्यावचापत्रकंकोष्ठं सर्ज्जरसान्वितंचतगरं लाक्षा-
गुडंपत्रकम् ॥ कंकोलं घनचोरकंचसहितं ए-
लासवालानखंधूपोयंचसुरांगनाभिकथितोनाम्नाम-
दोविह्वलः ॥ १ ॥ षड्भागकोष्ठंद्विगुणंगुडस्य
लाक्षात्रयं पंचनखस्यभागौ ॥ हरीतकीसर्ज्जरसं
चमांसीभागैकमेकंहिसशैलजस्य ॥ घनस्यचत्वा-
रिपुरस्यचैकं धूपोदशांगः कथितोनृपाणाम् ॥ २ ॥
षट्कोष्ठस्यनखस्यपंचचमतामुस्ताचलाक्षोद्भवंभा-
गैकंत्वभयागुडद्विदशकंरालस्यभागैककम् ॥ देव-
द्रोर्वसुसंख्ययासकलकंशैलेयकंचत्रिभिर्धूपःस्यात्सुर-
दुर्ल्लभोरतिकरोदिव्यांगनादर्पहा॥३॥ऐंद्रंयवंवचाको-

किया आयुर्वेदमहोदधिमें मुखवासाधिकार समाप्त हुआ ॥ अब धूपा-
धिकार है—जटांमासी चंदन शिलाजीत अथवा लोबान हरड़े दालचीनी
तेजपात कूट राल तगर लाख गुड़ तालीशपत्ता नागरमोथा गठौना इला-
यची नेत्रवाला नख इन्होंका धूप बनावै; यह धूप मदविह्वल नामसे
विख्यात देवतोंकी स्त्रियोंनें रचा है ॥ १ ॥ कूठ ६ भाग गुड़ १२ भाग
लाख ३ भाग नख ५ भाग हरड़े राल जटामांसी लोबान ये एक
भाग नागरमोथा ४ भाग गूगल १ भाग यह दशांग धूप राजाओंके
लियें कहा है ॥ २ ॥ कूट ६ भाग नख ५ भाग नागरमोथ और
लाख १ भाग हरड़े और गुड़ १२ भाग राल १ भाग देवदारु १६
भाग लोबान ३ भाग इन्होंका धूप देवतोंको दुर्लभ है रातिको करता है
देवतोंकी स्त्रियोंके गर्वको हरता है ॥ ३ ॥ इंद्रजव वच कूठ तगर सुपेद

ष्ठंतगरंश्वेतसर्षपः॥ एलासर्ज्जरसंधूपंनागकेसरमिश्रितम्॥४॥ विक्रीयंतेचपण्यानांसर्वेवाणिज्यकर्मिणः॥ वंध्यानार्याभवेत्पुत्रोदुर्भगासुभगाभवेत् ॥ ५ ॥ इत्यायुर्वेदमहोदधौश्रीसुषेणकृतेधूपाधिकारः॥ ॥ अथवाजीकरणाधिकारः ॥ ॥ यामादूर्द्धंनिशायाश्च पीनोन्नतकुचाःस्त्रियः ॥ संसेवेत्कामतः कामीतृप्त्या वाजीकृतः सदा ॥ १ ॥ पुष्टधातुःसमाग्निश्च निश्चिंतोनीरुजः सुखी ॥ नित्यंसेवेतयुवतींयथाशास्त्रं तदोपरि ॥ २ ॥ अहोरात्रात्परंकेचित्षडहादपरे परे ॥ मासेनयातिशुक्रत्वमन्नंपाकक्रमादिति ॥ ३ ॥ वदंतिकेचिन्मुनयः कामशास्त्रविचक्षणाः॥ वृष्यान्न-

सिरसम इलायची राल नागकेसर इन्होंके धूपको ॥ ४ ॥ बाजारमें सब विजय कर्म्मवाले वेचते है इसके प्रभावसे वंध्यानारीके पुत्र होता है दुष्ट भाग्यवाली स्त्री सुंदर भाग्यवाली हो जाती है ॥ ५ ॥ यहां श्री सुषेणका किया आयुर्वेदमहोदधिमें धूपाधिकार समाप्त हुआ ॥ अब वाजीकरण अधिकार कहते हैं—एक पहर रात्रि व्यतीत हुआ पीछे पुष्ट और ऊंची चूंचियोंवाली स्त्रियोंको कामदेववाला सब काल वाजीकरण पदार्थोंसे तृप्त हुआ मनुष्य इच्छासे सम्यक् प्रकार सेवै ॥ १ ॥ पुष्ट हुये धातुवोंवाला सम अग्निवाला चिंतासे रहित रोगसे रहित सुखी ऐसा पुरुष शास्त्रके अनुसार जवान स्त्रीको नित्य सेवै ॥ २ ॥ कितनेंक वैद्य कहते हैं एकदिन रात्रिसे परे स्त्रीको सेवै कितनेंक वैद्य कहते हैं छः दिनोंमें स्त्रीको सेवै क्योंकि पाकके क्रमसे अन्नका १ महीनामें वीर्य होता है ॥ ३ ॥ कामशास्त्रमें चतुर कितनेंक वैद्य कहते हैं कि पुष्टि

पानयोगेनसद्यः शुक्रंप्रवर्द्धते ॥ ४ ॥ विचार्यैवंनृपः सम्यग्विचार्यादौचरेतसः॥ कुर्वंतिरागंनारीणामन्यथा रोगसंभवः ॥ ५ ॥ निजप्रस्यूतिमांत्रंतुनराणांशुक्रमुच्यते ॥ कदाचित्क्षीयतेतत्रकदाचित्प्रतिवर्द्धते ॥ ॥६॥द्वादशांगेस्थितंकेचित्सर्वांगेष्वितिकेचन ॥ मन्यंतेकेचिदाचार्याबस्तिदक्षिणपार्श्वतः ॥७॥ अत्यम्लकटुरूक्षोष्णविदाहिद्रव्यसेवया ॥ स्त्रीणांचातिप्रसंगेनह्यप्रसंगेनवापुनः ॥८॥ अजीर्णाहारवैषम्यात्प्रकोपाद्वातपित्तयोः ॥ क्षीणेकफेचमंदाग्नौचिंताशोकविषादिभिः ॥ ९ ॥ विषरोगज्वराच्चैवह्यभिघातात्क्षयादपि ॥ शुक्रंयातिक्षयंनृणांतेनधातुक्षयोभवेत् ॥ १० ॥ सर्वेषामेवधातूनांप्रधानंशुक्रमुच्यते ॥

और वीर्यकारक अन्नपानके योगसे शीघ्रही वीर्य बढता है ॥ ४ ॥ आदिमें राजा वीर्यको अच्छीतरह विचार कर स्त्रियोंसे प्रीति करते हैं विपरीत करनेमें रोग उपजता है ॥ ५ ॥ मनुष्योंका वीर्य आप झिरना मात्र कहाता है कभीक क्षयको प्राप्त होता है कि और कभीक बढता है ॥ ६ ॥ कितनेंक वैद्य कहते हैं कि वीर्य बारहों अंगोंमें स्थित है और कितनेंक कहते हैं कि सब अंगोंमें वीर्य स्थित है कितनेंक वैद्य मानते हैं कि वीर्य दाहिना पसवाड़ासे झिरता है ॥ ७ ॥ अत्यंत खट्टा चर्चरा रूषा गर्म और विशेष दाहकारक ऐसे द्रव्योंको सेवनेंसे स्त्रियोंके अत्यंत प्रसंगसे अथवा फिर नहीं प्रसंगसे ॥ ८ ॥ अजीर्ण भोजनका विषमपनासे वात पित्तके कोपसे कफको क्षीण होनेमें मंदाग्निमें चिंता शोक और बिष आदिसे ॥ ९ ॥ विष रोग और ज्वरसे अभिघातसे और क्षयसे पुरुषोंका वीर्य क्षय होता है उसकरके धातुओंका क्षय होता है ॥ १० ॥ सबधातुओंमें प्रधान शुक्र

तस्मिन्क्षीणेक्षयंयांतिमांसरक्तरसादयः ॥ ११ ॥
तेनांगंशुष्यतेनृणां बलक्षीणाश्चमानवाः ॥ नभवे-
त्कर्मसामर्थ्यंस्त्रीषुहर्षोनजायते ॥ १२ ॥ शीतंसं-
तर्प्पणंहृद्यंसेवयित्वापुनः पुनः ॥ शुक्रप्रवृत्तिःसंभो-
गेमेहनंचदृढंभवेत् ॥१३॥ वायौप्रवर्त्तितेचैवगात्रभंगं
शिरोव्यथा ॥ शून्यत्वंचैवमनसोविषादीक्रोधएवच॥
संतापः परमंशोषंतृषास्वप्नविपर्ययः ॥ १४ ॥ तत्र
शीतंगुरुस्निग्धंमधुरं बृंहणंतथा ॥ शीतंसंतर्प्पणं
हृद्यंसेव्यमन्नादिकंनरैः॥मनसोहर्षणंयद्यत्तत्सर्ववृष्य-
मुच्यते ॥ १५ ॥ ॥ इतिवाजीकरणाध्यायः ॥ ॥
अथयान्युक्तानिचौषधानिवृष्याणि ॥ सेव्यानिता-
निकुर्य्याद्विशेषतः पुरुषोजानीयात् ॥ १ ॥

धातु है उसको क्षीण होनेमें मांस रक्त और रस आदि सब धातु क्षीण होते हैं ॥ ११ ॥ तिस करकै मनुष्योंका अंग क्षीण होजाता है मनुष्य बलसे क्षीण होजातेहै कार्य करनेमें सामर्थ्य नहीं रहता स्त्रियोंमें आनंद नहीं होता है ॥ १२ ॥ शीतल तृप्तिकारक और सुंदर पदार्थको वार-वार सेवन कर वीर्यकी प्रकृतिके भोगसे लिंगभी दृढ होजाता है ॥ १३ ॥ वायु प्रवृत्त होनेमें अंग भंग शिरमें पीड़ा मनका शून्यपना विषाद क्रोध संताप बहुत शोष तृषा नीदका विपरीतपना ये होजाते हैं ॥ १४ ॥ तहां शीतल तृप्तिकारक और सुंदर ऐसा अन्न आदि मनुष्योंनें सेवित करना उचित है मनको जोजो आनंद देनेंवालाहो वह सब वृष्य अर्थात् वीर्यवर्द्धक कहाता है ॥ १५ ॥ यहां वाजीकरणाध्याय समाप्त हुआ ॥ जो औषध वीर्यवर्द्धक है वे सेवित करने उन्होंको विशेष कर पुरुष

सर्प्पिर्गुडैर्वाक्षयरोगयुक्तंरसायनंवाच्यवनाभिधानम्॥
कूष्मांडकंवान्यरसायनंवाकुर्याद्यदीच्छेच्चिरजीवितंतु
॥२॥माषक्काथोन्मिश्रितंगव्यदुग्धंगव्यंसार्पिःशर्क्करा चू-
र्णमिश्रं ॥ यामेयामेसप्तसप्तैववारान्स्त्रीव्यापारं याति
चातिप्रमोदः ॥३॥ रक्ताश्वत्थत्वग्विपक्वंपयोवायष्टी-
चूर्णैर्मिश्रितंशर्क्कराढ्यम्॥पीत्वासद्यः सप्तवारान्व्रजे-
द्धानिर्वीर्योवैनिश्चयंस्तब्धमेढ्रः ॥४॥ संशोध्यमाषवि-
दलादिघृतेनिवेश्यक्षीरेणपायसमिदंमहिषीभवेन ॥
सिद्धंघृतेनसहितंबहुशर्क्कराढ्यंसंभक्षयेन्निशितरांप-
रिहीनरेताः॥५॥नालिकेरनववारिभावितैर्माषचूर्णव-
टकैर्घृतप्लुतैः ॥भक्षयन्पिबतियोगवांपयोयात्यपूर्व-
मपियोषितांशतम् ॥ ६ ॥ धात्रीफलानांस्वरसेन

जानै ॥ १ ॥ क्षय रोगमें कहा घी गुड़ अथवा च्यवनका कहा रसायन कूष्मांडअवलेह अथवा अन्य रसायन इन्होंको करै जो बहुत काल-पर्य्यंत जीवनेंकी इच्छा होतो ॥२॥ उडदोंके क्काथसे युतकिया गौका दूध तथा गौका घीमें युतकरी खांड इन्होंको पहर पहरमें सात सात बार लेवै इस करकै आनंदित हुआ पुरुष स्त्रियोंको प्रसन्न करता है ॥ ३ ॥ लाल पीपलकी छालसे पकाया दूध अथवा मुलहटीका चूर्ण और खांडसे युत किया दूधको पानकर तत्कालही वीर्यसे रहित हुआ पुरुष कठोर लिंग-वाला होकै स्त्रियोंको सातवार भोगसक्ता है ॥ ४ ॥ उडदोंकी दाल आदिको संशोधित कर घीमें पकाय भैंसके दूधसे खीर बनावै पीछेघी और खांड़ मिला रात्रिमें हीनवीर्यवाला पुरुष खावै ॥ ५ ॥ नया नारियलके रसमें उडदोंके चूर्णको भिगोय बडे बना घीसे लपेट खावै और गौवोंके दूधको पीवै वह १०० स्त्रियोंको भोग सक्ता ॥ ६ ॥ आंवलाके फलोंके स्वरसमें आंवलाके चूर्णको वारंवार भावित और वासि-

चूर्णमुहुर्मुहुर्भावितवासितंतत् ॥ घृतेनदुग्धेनसश-
र्करेणपिबेत्सहस्रप्रमदाप्रभूतः ॥ ७ ॥ अश्वगंधा-
बलानागतिलामाषगुडौयवाः ॥ बलंकुर्यात्पलंभुक्तं
मत्तवारणचारणम् ॥ ८ ॥ कालिंदीसुफलोदरेवि-
निहितंहेमंघनारोचनं कृष्णोन्मत्तकबीजतारसहितंशु-
कुंशरापुंखजम्॥ ईषत्सूतकमिश्रितंवटिकृतंवक्त्रांबुजे
धारयेच्छुक्रस्तंभमिदं दधातिवनितामोहायपाशांकु-
शः ॥ ९ ॥ गच्छेत्ततःकठिनपीनघनस्तनाढ्याः
प्रौढाःस्त्रियोविविधकामकलास्वभिज्ञाः॥रेतोददात्य-
तिरतिंलभतेसकामीदार्ढ्यंददातिनवमेहनमस्यपुंसः
॥१०॥ इक्षुरगोक्षुरमर्कटिबीजं मुशलिशतावरिशा-
ल्मलिडीकम् ॥ महिषीपयसाचयुतंप्रपिबेद्यस्यगृ-
हेप्रमदाशतमस्ति ॥ ११ ॥ शुद्धैर्निस्तुषमाषशुष्क

तकर घी दूध खांड इन्होंके साथ पीवै तो हजार स्त्रियोंको भोग सक्ता है ॥ ७ ॥ आस्कंद बला नागकेशर तिल उडद गुड और जव ये सब ४ तोले लेकर भक्षण करनेसे हाथीके समान बल देते हैं ॥ ८ ॥ कालिंदी फलके पेटमें अथवा बैंगनके पेटमें सोना नागरमोथा वंशलोचन कालाधतूराके बीज चांदी शरपुंखाका सुपेद फूल कछुक पारा ये सब घाल गोली बना मुखमें धारै यह वीर्यका स्तंभ करै और स्त्रियोंको मोहनेंके लियें पाशांकुश है ॥ ९ ॥ पीछे कठोर और पुष्ट चूंचियोंवाली युवति अनेक प्रकारके कामकलाओंमें अभिज्ञ ऐसी स्त्रियोंको भोग सक्ता है वीर्य देता है वह कामी रतिको प्राप्त होता है इस पुरुषको लिंग दृढ और नया हो जाता है ॥ १० ॥ तालमखाना गोखरू कौंचके बीज मुशली शतावरी मोच रस इन्होंके चूर्णको भैंसका दूधमें मिला जिसके घरें १०० स्त्रियें हो वह पीवै ॥ ११ ॥ शुद्ध तुष रहित और

विदलैः श्रीनालिकेरांबुभिः क्किन्नैर्गोपयसाततोघन-
तमैः पिष्टैः सितासंयुतैः ॥ दत्त्वामोचरसंवरीरसयुतं
तत्पाणिनामर्दितंकृत्वावैवटिकांविपाच्यहविषासंभ-
क्षयेत्सर्पिषा ॥ १२ ॥ वृद्धोपिप्रमदाशतेनसहसाग-
च्छेद्युवेवातुरस्तृप्तिंगच्छतिनैवनापिलभतेलिंगं क्व-
चिन्मंदताम् ॥तस्यान्तस्यबलक्षयोऽपिनमहानुत्सा-
हभंगोभवेद्रेतोनष्टमापिप्रयातिचतथावृद्धिंबलंजायते
॥ १३ ॥ विदार्यामलकंचैवंयष्टीगोक्षुरकंतथा ॥
भूमिकूष्मांडकंमाषानिस्तुषाः सतिलायवाः ॥१४॥
गोधूमचूर्णशृंगारीबीजंकूष्मांडकस्यच ॥ मुशली-
शालिचूर्णंतुराजिगंधाचचंदनम् ॥१५॥प्रियालभल्ला-
तकयोर्बीजंद्राक्षासितोत्पलम्॥त्वक्क्षीरागरुकर्पूरंस-
मभागंतुकारयेत् ॥ १६ ॥ सितोपलासमंचूर्णंभक्षये-

सूकी ऐसी उड़दकी दालको नारियलका पानीसे गीलीकर पीठी बना गौका दूधमें मिला पीछे मिश्री मोचरस शतावरी इन्होंका रस मिला हाथसे मर्दितकर वटिका बना घीसे पकाय घीके संग खावै ॥ १२ ॥ बूढाभी १०० स्त्रियोंसे भोग करनेमें जुवान पुरुषकी तरह हो जाता है रोगी भी स्त्रियोंको भोगनेमें तृप्त नहीं होता कभी भी लिंग शिथिल नहीं होता तिस कारणसे उसका बलक्षय नहीं होता उत्साहका भंग नहीं होता नष्ट हुआ वीर्य भी वृद्धिको प्राप्त होता है और बल उपजता है ॥ १३ ॥ विदारीकंद आंवला मुलहटी गोखरू भूमिकोहला तुषरहित उड़द तिल जब ॥ १४ ॥ गीहूंका चून सिंघाड़ा कोहलाके बीज मुशली शालिचावलोंका चून अशगंध चंदन ॥ १५ ॥ चिरोंजी भिलावाकी गिरी दाख मिश्री वंशलोचन अगर कपूर ये सब समान भाग लेने ॥ १६ ॥ इन

च्चदिनेदिने ॥ क्षौद्रेणतत्समायुक्तंपलार्द्धंपलमेववा ॥ १७ ॥ अनुपानेहिमंवारिक्षीरंमांसरसोथवा ॥ मद्यमिक्षुरसोवापिद्विकालमपिभक्षयेत् ॥ १८ ॥ अनेनपुरुषः शुक्रात्पूर्णधातुः प्रजायते ॥ वीर्यवान्बलवांश्चैवस्त्रीषुनित्यंवृषायते ॥ १९ ॥ तेजोवर्णबलोपेतोदीप्ताग्निर्नित्यहर्षितः ॥प्रमेहमूत्रकृच्छ्राश्चशुक्रदोषाष्टकंतथा ॥ २० ॥ वलिंवैपलितंचैवसद्यो नाशयतिध्रुवम्॥ अनेनातिजरोजीवेद्युवेवपरिहृष्यति ॥ २१ ॥ प्रमदाभिर्नतृप्येतगच्छन्नपिमुहुर्मुहुः ॥ रक्तस्रावंचपित्तंचरक्तातीसारमेवच ॥ २२ ॥ वातपित्तकृतान्रोगानन्यानपिनिवारयेत् ॥ मासत्रयप्रयोगेणक्षयरोगात्प्रमुच्यते ॥ २३ ॥ मासत्रय-

सबोंके समान मिश्रीका चूर्ण मिला नित्यप्रति खावै परंतु शहद मिला दो तोलेभर अथवा चार तोलेभर खावै ॥ १७ ॥ अनुपानमें शीतल पानी दूध मांसका रस मदिरा ईखका रस इन्हों मांहसे एककोईसाको लेवै दोनों काल खावै ॥ १८ ॥ इस करकै पुरुष वीर्यसे पूर्ण धातुवाला होता है बलवान् और वीर्यवान् होकै नित्यप्रति स्त्रियोंको आनंदित करता है ॥ १९ ॥ तेज वर्ण और बलसे युत हुआ दीप्त हुआ अग्निवाला नित्य प्रति आनंदित होकै प्रमेह मूत्रकृच्छ्र वीर्यके आठ दोष ॥ २० ॥ वलि पड़ना सुपेदवाल इन्होंको शीघ्र नाशता है इस करकै अत्यंत बुढापासे जीर्ण हुआ भी जवानकी तरह आनंदित होता है ॥ २१ ॥ वारंवार भोग करता हुआभी स्त्रियोंसे तृप्त नहीं होता रक्तस्राव पित्त रक्तातिसार ॥ २२ ॥ वातपित्तके किये अन्यरोग इन्होंको निवारता है तीन महीने सेवनेंसे क्षयरोगसे छूट जाता है ॥ २३ ॥ तीन महीने

प्रयोगेणगच्छेच्चप्रमदाशतम् ॥ मासषट्कप्रयोगेण स्याद्वराहोपमोदृढः ॥ २४ ॥ नरोगैर्बाध्यतेकैश्चिज्जरयानाभिभूयते ॥ संवत्सरंतुकृत्वैवंपूर्यंतेसप्तधातवः ॥ २५ ॥ महाबलोमहोत्साहोदृढकायोदृढेंद्रियः ॥ नतृप्यतेचयोषिद्भिर्भक्ष्यभोज्यादिभिस्तथा ॥२६॥ विदार्यादि ॥ शतावरीचूर्णप्रस्थंप्रस्थं गोक्षुरकस्यच ॥ वाराह्याविंशतिपलंगुडूच्याःपंचविंशतिः ॥ २७ ॥ भल्लातकानांद्वात्रिंशच्चित्रकस्य दशैवतु ॥ तिलानांलुचितानांचप्रस्थंदद्यात्सुचूर्णितम्॥२८॥त्र्यूषणस्यपलान्यष्टौशर्कराया श्चसप्ततिः॥ माक्षिकंशर्करार्द्धेनमधुनोर्द्धेनवैघृतम् ॥२९॥ शतावरीसमंदेयंविदारीकंदचूर्णकम्॥एतानिश्लक्ष्णचूर्णानि स्निग्धभांडेनिधापयेत् ॥ ३० ॥ पलार्द्धमुपभुंजी-

सेवनेसे १०० स्त्रियोंको भोग सक्ता है छः महीने सेवनेंसे वरहड़ा शूरके समान दृढ हो जाता है ॥ २४ ॥ किसी रोगसेभी पीड़ित नहीं होता बुढापासे दुःखित नहीं होता वर्षभर ऐसे सेवनेंसे सातो धातु पूर्ण हो जाते हैं ॥ २५ ॥ बहुत बलवाला बहुत उत्साहवाला दृढ शरीरवाला दृढ इंद्रियोंवाला स्त्री और भक्ष्य भोज्यआदिसे तृप्त नहीं होता ॥ २६ ॥ शतावरीका चूर्ण ६४ तोले गोखरूका चूर्ण ६४ तोले वाराही कंद ८० तोले गिलोय १०० तोले ॥ २७ ॥ भिलावा १२८ तोले चीता ४० तोले शोधे हुये तिलोंका चूर्ण ६४ तोले ॥ २८ ॥ सूंठ मिरच पीपलका चूर्ण ३२ तोले खांड २८० तोले शहद १४० तोले घी ७० तोले ॥ २९ ॥ विदारीकंदका चूर्ण ६४ तोले इन्होंका महीन चूर्ण कर चीकना पात्रमें घाल धरै ॥ ३० ॥ दो तोलेभरको खावै इसपै मनोवां

तयथेष्टंचान्नभोजनम् ॥ एषमासोपयोगेनरुजांहंतिज
रामपि ॥ ३१ ॥ वलीपलितखालित्यप्लीहपांड्वाद्य-
पीनसान् ॥ भगंदरान्मूत्रकृच्छ्रानश्मरींचभिनत्त्य-
पि ॥ ३२ ॥ अष्टादशचकुष्ठानितथाष्टावुदराणिच॥
प्रमेहंचमहाव्याधिंपंचकासान्सुदारुणान् ॥ ३३ ॥
अशीतिर्वातजान्रोगांश्चत्वारिंशच्चपैत्तिकान् ॥ विं-
शतिश्लेष्मकांश्चैवसंसृष्टान्सान्निपातिकान् ॥ एता-
न्सर्वान्रुजोहंतिवृक्षमिंद्राशनिर्यथा ॥ ३४ ॥ स्या-
त्कांचनाभोमृगराजविक्रमस्तुरंगमानामतियातिवे-
गात् ॥ स्त्रीणांशतंगच्छतिसोऽतिहृष्टः सुहृष्टपुष्ट
श्चटकोयथातथा ॥ ३५ ॥ पुत्रान्सञ्जनयेद्वीरान्नार-
सिंहपराक्रमान्॥ नारसिंहइतिख्यातश्चूर्णोरोगगणा-
पहा ॥३६॥ नारसिंहचूर्णम् ॥ स्नानंचंदनलेपनंमृग-

छित भोजन करै एक महीना सेवनेंसे यह रोगको और बुढापाको नाशता है ॥ ३१ ॥ वलियें पडना सुपेद बाल गंजापना तिल्लीरोग पांडुरोग पीनस भगंदर मूत्रकृच्छ और पथरी इन्होंको नाशता है ॥ ३२ ॥ अठारह कुष्ठ आठ उदर रोग प्रमेह क्षयरोग पांचों भयंकर खांसी ॥ ३३ ॥ अश्शी वातरोग चालीस पित्तके रोग वीश कफके रोग दो दोषोंके रोग सन्निपातके रोग इन सब रोगोंको हरता है जैसे वृक्षको इंद्रका वज्र ॥ ३४ ॥ सोना सरीखी कांतिवाला सिंह सरीखा पराक्रमवाला वेगसे घोडोंके आगेचलनेंवाला १०० स्त्रिकोंको भोगनेंवाला अत्यंत आनंदित और चिड़ाकी तरह हृष्ट पुष्ट रहता है ॥ ३५ ॥ नरसिंहके समान पराक्रमवाले वीर पुत्रोंको उपजाता है; यह नारसिंहचूर्ण रोगोंके समूहको नाशता है ॥ ३६ ॥ स्नान चंदन

मदक्षोदोजलंशीतलंवाताः शीतसुगंधमंदमधुराःक्षीरं हिमंमाहिषम् ॥ द्राक्षादाडिमनालिकेरसलिलंखाद्यं विपाकेमृदुकांतश्रांतमनोभवव्यतिकरंसेवेत नित्यं पुनः ॥ ३७ ॥ एषोऽन्नपानस्यविधिर्मयाकृतोलोके हितार्थमपिदोषहरोसविस्तृतः ॥ रसस्यसर्वस्यगुणाश्च दोषामयाश्रुतामुख्यमुखात्प्रशस्ताः ॥३८॥ इदमतीवरहस्यसकौतुकंविरचितं रसपाकविशेषणम् ॥ भवतिभेषजमल्पशरीरिणांगुणिगणार्णववैद्यसुखेनवा ॥३९॥ इत्यायुर्वेदमहोदधौश्रीसुषेणदेवविरचिते अन्नपानविधिः समाप्तः ॥ ॥ एकोंऽशोरुचकादुभौमरिचतःशुंठ्यास्त्रयोजीरकाश्चत्वारोऽर्द्धकृतात्समुद्रलवणाद्भागस्तथासैंधवात् ॥ चूर्णंसिंहनभूभुजैर्निगदितं

लेप कस्तूरीका अनुलेप शीतलपानी शीतल सुगंधित मंद और मधुर ऐसा पवन शीतलभैसका दूध दाख अनार नारियलका पानी खानेके योग्य पाकमें कोमल कांत और श्रांत रूपी मनसे उपजे विकारोंको नाशनेंवाला ऐसे पदार्थोंको नित्य बारंबार सेवै ॥ ३७ ॥ मैंनें लोकका हितके लियें दोषनाशक और विस्तृतरूप अन्नपानका विधि किया सब प्रकारका रसके उत्तम गुण और दोष मैनें धन्वंतरिजीका मुखसे सुने ॥३८॥ रहस्य कौतुक सहित और रसपाकमें विशेषणरूप यह गुणियोंके समूहके समुद्ररूप वैद्योंको सुख देनेंवाला मैने रचा शरीरवालोंको यह औषध है ॥ ३९ ॥ यहां श्रीसुषेणदेवनेंरचित किया आयुर्वेदमहोदधिमें अन्नपानविधि समाप्त हुआ ॥ काला नमक १ भाग मिरच २ भाग सूंठ ३ भाग जीरा ४ भाग सांभर नमक आधाभाग सेंधानमक अधाभाग इन्होंका चूर्ण करै यह चूर्ण सिंहनराजानें कहा है; तक्रके संग संयोजितकिया

तक्रेणसंयोजितं गुल्माध्मानविषूचिकामयहरंस्या-
द्भोजनांतेसदा ॥ १ ॥

इति श्रीसुषेणकृत आयुर्वेदमहोदधिः समाप्तः ।

गुल्म अफरा विषूचिका हैजा इन रोगोंको हरता है; भोजनके अंतमें सदा लेना ॥ १ ॥ यहां श्रीसुषेणवैद्यका किया ग्रंथ समाप्त हुआ ॥

इति श्रीरोहतकप्रदेशांतर्गतवेरीग्रामनिवासिगौडवंशावतंसविविधशास्त्र-परमपंडितश्रीशिवसहायपुत्रहरियानाकुरुक्षेत्रधर्म्ममण्डलमहोपदेशकरविद-त्तशास्त्रिराजवैद्यानुवादितश्रीसुषेणकृतायुर्वेदमहोदधिभाषाटीकासमाप्ता ॥

श्रीहरिः ॥

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—

खेमराज श्रीकृष्णदास,

" श्रीवेङ्कटेश्वर " छापाखाना (मुंबई.)

जाहिरात।

श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण।

संस्कृत मूल और भाषाटीकासहित खुलापत्रा।

कविकुलतिलक आदिकवि महर्षिवाल्मीकिकृत रामायण समग्र ग्रंथ माहात्म्य और अनुक्रमणिका टिप्पणी शंकासमाधानसहित परमपुष्ट मोटे और चिकने कागजपर सुवाच्य मनोहर अक्षरोंमें छपकर विक्रयार्थ प्रस्तुत है-हिन्दुस्थानमें आजपर्यंत इसका ऐसा भाषानुवाद नहीं हुआथा. इसकी टीका अत्युत्तम बहुत सुगम और ललित मनरंजन शब्दोंमें विद्वद्वरशिरोमणि श्रीयुत पं० ज्वालाप्रसादमिश्रजीने अत्यन्त ही उत्तम की है. पदपदका अर्थ दर्पणवत् झलकायाहै. सकल गुणआगरी नागरीकी पूरी लालित्यता सर्वांगरूपसे दरशायीहै. यह बालसे वृद्धतकको परमोपयोगी है. कथा बांचनेवाले विद्वानोंको इससे बहुत ही लाभ प्राप्त होवेगा. केवल अक्षर मात्रका बोध होनेसेही सज्जनजन इस रामायणका पारायण सहजमें कर सकैंगे और कथा बाँचकर धन यश लक्ष्मीके भागी होंगे. ऐसा सुंदर मनोहर रमणीयग्रंथ होनेपरभी सबके सुगमार्थ समग्र ग्रंथ उनके मकानपर २१ रु० भेजनेपर पहुँचजायगा. ग्रन्थकी अद्भुत छबि और आन्तरिक विद्वत्ता देखकर ग्राहकगण परमप्रसन्न होजायँगे ॥ ग्रंथसंख्या अं. ९०००० होगी.

मनुस्मृति।

पं०केशवप्रसाद प्रोफेसर आगरा काले कृत

भाषाटीकासहित।

इस उत्तम ग्रंथका सान्वय भाषा अत्युत्तम हुआहै, यह पुस्तक प्राणिमात्रको परमोपयोगीहै, राजा महाराजा भी इसीके अनुसार धर्मपूर्वक शासन करतेहैं; यह ग्रंथ देखनेहीके योग्यहै, भाषा अत्यन्त सुगम और रसीली है. कीमत २॥ रु० रफका २ रु०

जाहिरात ।

वैद्यकग्रंथाः ।

नाम.	की. रु. आ.
हारीतसंहिता भाषाटीकासहित	३–०
अष्टांगहृदय (वाग्भट्ट) भाषाटीका अत्युत्तम वैद्यकग्रंथ भिषग्वरोंके देखने योग्य	१०–०
बृहन्निघंटुरत्नाकर प्रथमभाग	३–०
बृहन्निघंटुरत्नाकर द्वितीयभाग	३–०
बृहन्निघंटुरत्नाकर तृतीयभाग	३–८
बृहन्निघंटुरत्नाकर चतुर्थभाग	२–८
बृहन्निघंटुरत्नाकर पंचमभाग छपता है	०
रसराजसुंदर भाषाटीकासह	३–४
पथ्यापथ्यभाषाटीका	०–१२
शार्ङ्गधर निदानसह भाषाटीका पं० दत्तराम चौबे मथुरानिवासीका बनाया....	३–०
तथा रफू	२–८
अमृतसागर कोशसहित हिंदुस्थानी भाषामें सर्वदेशोपकारक	२–४
डाक्टरी चिकित्सासार भाषा (अं. दे. वै.)	०–१०
चिकित्साखण्ड भाषाटीका प्रथमभाग	४–०
चिकित्साक्रमकल्पवल्ली संस्कृत काशिनाथकृत भिषग्वरोंके देखनेयोग्य	२–८

पुस्तक मिलनेका ठिकाना–

खेमराज श्रीकृष्णदास,

"श्रीवेङ्कटेश्वर" छापाखाना–खेतवाडी–मुंबई.